चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 264, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 23 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# यूपी में नौकरी व रोजगार की कोई कमी नहीं : योगी

## हर हाथ को रोजगार के उद्घोष को साकार कर रही सरकार, खुद को प्रशिक्षण से जोड़कर तैयार करें युवा, रोजगार की गारंटी सरकार लेगी

**गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार हर हाथ को काम, हर हाथ को रोजगार के उद्घोष को साकार कर रही है। उत्तर प्रदेश में नौकरी व रोजगार की कोई कमी नहीं है। युवा अपनी अभिरुचि के अनुसार क्षेत्र का चयन कर खुद को प्रशिक्षण से जोड़कर तैयार करें, उनके रोजगार व नौकरी की गारंटी सरकार लेगी। सीएम योगी रविवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेला एवं सेवायोजित प्रशिक्षणार्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण तथा स्वरोजगार के लिए 500 करोड़ रुपये के ऋण वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, श्रम एवं सेवायोजन विभाग एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जब हर हाथ को काम, हर खेत को पानी का नारा दिया था तब लोग इसे पूरा हो पाना असंभव मानते थे। पर, 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने इसे लगातार हकीकत में बदल दिया है। डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव हर हाथ को काम उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के लिए जनधन खाते खुलवाकर, डीबीटी से धनराशि अंतरित कर, डिजिटल इंडिया से गांवों को जोड़कर हर व्यक्ति को सक्षम बनाया है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजनाओं के जरिये देश में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की ढेर सारी संभावनाओं को आगे बढ़ाया है।



जिन्हें नहीं मिला रोजगार, उन्हें पीएम-सीएम इंटर्नशिपः सीएम योगी ने कहा कि वृहद रोजगार मेले में आए जिन युवाओं को किसी कारणवश रोजगार नहीं मिल पाएगा, उन्हें पीएम-सीएम इंटर्नशिप योजना से जोड़ा जाएगा। इन युवाओं को इंडस्ट्री में ट्रेनिंग देने के साथ मानदेय भी दिया जाएगा। मानदेय का आधा हिस्सा सरकार और आधा हिस्सा संबंधित इंडस्ट्री देगी। इंडस्ट्री में ट्रेनिंग के बाद ऐसे युवाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ समाज व देश को मिलेगा। उन्होंने रोजगार मेले में नियुक्ति पाने वालों को बधाई दी और अचयनितों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे निराश न हों। परिश्रम का जज्बा रखते हुए क्षेत्र चुनकर ट्रेनिंग लें। आश्वस्त रहें, सरकार नौकरी की कमी नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी, महानवमी व विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए मां भगवती व प्रभु श्रीराम से सबकी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की।

38 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव से 1.10 करोड़ को रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में निवेश नहीं आता था। आज 38 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्राप्त हुए हैं। जब ये निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरेंगे तो 1.10 करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। अगर उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त हो जाए तो यूपी के युवाओं को अपने राज्य व जनपद में ही रोजगार मिल जाएगा।

यूपी की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे लॉकडाउन में लौटे लोग

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में जब पारंपरिक शिल्प व उद्योगों को ऊंचाई देने के लिए ओडीओपी योजना शुरू की गई तो लोग ऐसे शिल्प-उद्योगों को मरा हुआ कहते थे।

वास्तव में ऐसा समझने वालों की सोच मरी हुई है। सरकार ने जब पूर्वजों की जीवंत धरोहर इन उद्योगों को टेक्नोलॉजी, ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जोड़ा तो लॉकडाउन में इस सेक्टर में 40 लाख लोगों को रोजगार दिया गया। लॉकडाउन में सरकार ने लोगों को दूसरे राज्यों से सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया और रोजगार भी दिया।

घर लौटा यूपी का आदमी यहीं काम कर यूपी की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जितने प्रतिशत लोग दूसरे राज्यों से लौटे, उतने ही प्रतिशत अर्थव्यवस्था बढ़ी है जबकि जिन राज्यों से वे आए, वहां अर्थव्यवस्था पर उतने ही प्रतिशत नकारात्मक असर पड़ा है।

### पर्यटकों की ताकत समझने की जरूरत

**मुख्यमंत्री** ने कहा पहले यूपी में प्रतिवर्ष सिर्फ 3 करोड़ पर्यटक आते थे। आज यह संख्या 32 करोड़ हो चुकी है। इस ताकत को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पर्यटन का क्षेत्र भी रोजगार का बड़ा आधार है। इससे टैक्सी, रेस्टोरेंट, होटल, प्रसाद व फूलमाला बिक्री से जुड़े लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने बताया कि उनकी मौजूदगी में अयोध्या में 450 होम स्टे का पंजीकरण हुआ है। इसकी संख्या 1500 से अधिक होने जा रही है। होम स्टे भी रोजगार का साधन बनेंगे। पर्यटन स्थलों पर युवा गाइड के रूप में भी रोजगार पाएंगे। यही नहीं धार्मिक पर्यटन स्थलों पर इस्तेमाल की गई फूल पत्तियों को एकत्र कर धूपबत्ती, इत्र बनाकर नए रोजगार की शुरुआत की जा सकती है। यह वेस्ट को वेल्थ में बदलने की कला भी होगी।



### कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं, मार्गदर्शक की कमी

**सीएम** योगी ने कहा कि हमारी मान्यता रही है कि कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है। यदि कहीं कोई अयोग्य दिख रहा है तो इसका अर्थ यह है कि वहां मार्गदर्शक की कमी है। 125 कंपनियों की भागीदारी और करीब 34 हजार रिक्तियों वाला यह वृहद रोजगार मेला एक योग्य योजक की भूमिका में है। उन्होंने कहा कि युवा निरंतर प्रयास करते रहें, सरकार उनके लिए अनेक कार्यक्रमों को लेकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने को तैयार है।

युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार 2 करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने में जुटी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांव स्तर तक मिशन रोजगार के प्रवाह का उल्लेख करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 1.08 लाख प्लम्बर तथा पीएनजी पाइप लाइन के लिए प्लम्बर की जरूरत को देखते हुए अभी से प्रशिक्षण देकर रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है।

हर क्षेत्र में अग्रणी हैं बेटियां

सीएम योगी ने महिलाओं के स्वावलंबन पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी हो रही हैं। अयोध्या में उन्होंने 51 बसों को हरी झंडी दिखाई, हर बस में चालक-परिचालक महिलाएं ही हैं। बेटियां फाइटर पायलट बन रही हैं। बीसी सखी बनकर, रेडीमेड गारमेंट्स, कालीन उद्योग सेक्टर से जुड़कर घर संभालते हुए आय अर्जित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 56000 गांवों में महिलाएं बीसी सखी के रूप में 15 से 25 हजार रुपये मासिक कमा रही हैं।

सीडी रेशियो बढ़ाएं बैंक

स्वरोजगार के लिए 500 करोड़ रुपये के ऋण वितरण के लिए मुख्यमंत्री ने बड़ौदा यूपी बैंक की तारीफ की। साथ ही आह्वान किया कि बैंक जमा के अनुपात में लोन यानी सीडी रेशियो को बढ़ाएं योजनाओं को प्रशिक्षण से जोड़कर ऋण उपलब्ध कराएं ताकि रोजगार और स्वरोजगार को और बढ़ावा मिले।

# संकट में फिलिस्तानी नागरिकों के लिए भारत ने भेजी मदद

**नई दिल्ली**

**भारत ने** इजरायल-हमास संघर्ष के बीच फंसे फिलिस्तीन नागरिकों के लिए मानवीय सहायता भेजी है। भारतीय वायुसेना का सी-17 परिवहन विमान रविवार को गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस से 32 टन राहत सामग्री और 6.5 टन चिकित्सा सहायता लेकर मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि फिलिस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री भेजी गई है। आईएएफ का सी-17 परिवहन विमान आज सुबह गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस से मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ है।




# काहिरा शिखर सम्मेलन में गाजा पर नहीं बन पाई बात

**काहिरा**

**इजराइल** और हमास के बीच छिड़े युद्ध को खत्म कराने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में अरब और यूरोपीय देशों के प्रतिनिधियों की बैठक बेनतीजा रही। हमास के हमले के बाद गाजा में हो रही बमबारी के बीच जल्दबाजी में बुलाए गए काहिरा शिखर सम्मेलन में मिस्र और जॉर्डन ने इजराइल की तीखी आलोचना की। यूरोपीय देशों ने कहा कि नागरिकों को हर हाल में बचाया जाना चाहिए। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। काहिरा शिखर सम्मेलन में जॉर्डन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, चीन, ब्रिटेन, अमेरिका, कतर और दक्षिणी अफ्रीका, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। गाजा के मुद्दे पर प्रतिनिधियों में आमराय न बन पाने से शांति वार्ता विफल हो गई। मेजबान मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने गाजा से 23 लाख फिलिस्तीनियों को सिनाई प्रायद्वीप में भेजे जाने को लेकर किसी भी तरह की वार्ता को खारिज कर दिया। जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने इजराइल की तरफ से गाजा की घेराबंदी और बमबारी को युद्ध अपराध बताया।

### आजम को एनकाउंटर का डर

**रामपुर**

**दो जन्म** प्रमाणपत्र के मामले में अदालत से सात-सात साल की सजा सुनाई जाने के बाद जेल भेजे गए आजम खां, अब्दुल्ला आजम की दूसरे जिलों में शिफ्टिंग कर दी गई है। आजम खां को रविवार को सीतापुर और अब्दुल्ला आजम को हरदोई जेल भेज दिया गया। रामपुर जेल से शिफ्ट करने से पहले दोनों की चिकित्सा जांच की गई।

सीतापुर और हरदोई जेल पहुंचाया गया

इसके बाद उन्हें अलग-अलग वाहनों में कड़ी सुरक्षा के साथ सीतापुर और हरदोई जेल पहुंचाया गया।

# उद्धव की दशहरा रैली पांच दशक से पुरानी विरासतः राउत



**नई दिल्ली**

**शिवसेना** यूबीटी नेता संजय राउत ने रविवार को विरोधियों को निशाने पर लिया। संजय राउत ने रविवार को कहा कि मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित होने वाली वार्षिक दशहरा रैली एक परंपरा रही है और यह पांच दशक से अधिक पुरानी की विरासत है। राउत ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि दशहरा रैली में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का भाषण 2024 में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर "बदलाव की शुरूआत" होगा। राज्यसभा सांसद ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा आयोजित की जाने वाली दशहरा रैली को 'डुप्लीकेट' करार देते हुए दावा किया कि यह केवल 'भाजपा में डुप्लीकेट लोगों' को स्वीकार्य है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे मंगलवार को यहां दादर इलाके में प्रतिष्ठित शिवाजी पार्क में दशहरा रैली को संबोधित करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने अपनी रैली आयोजित करने के लिए दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान को चुना है। लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अगले साल होने हैं। उन्होंने कहा, "दशहरा रैली में उद्धव ठाकरे का भाषण 2024 में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बदलाव की शुरूआत होगी। ठाकरे की दशहरा रैली एक परंपरा रही है और यह पांच दशकों से अधिक समय की विरासत है। पहले इसे (शिवसेना संस्थापक) बालासाहेब ठाकरे संबोधित करते थे और बाद में उद्धवजी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेता यह जानने के इच्छुक हैं कि उद्धव ठाकरे अपने भाषण में क्या रुख अपनाते हैं।

# भाजपा ने की तेलंगाना के लिए 52 नामों की पहली सूची जारी

**नई दिल्ली**

**भारतीय जनता** पार्टी ने तेलंगाना विधानसभा चुनावों के लिए आज अपनी पहली सूची जारी की। इस सूची में 52 नाम है। इसमें तीन सांसदों को टिकट दिया गया है। इसके अलावा इसमें टी राजा सिंह का भी नाम है जिसका निलंबन आज ही पार्टी ने रद्द किया है। टीआरएस सरकार में मंत्री रहे और अब भाजपा से विधायक एटाला राजेंद्र को हुजूराबाद और गजवेल दो जगह से टिकट दिया गया है। गजवेल से मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव भी चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा सांसद गजवेल बंडी संजय को करीमनगर, सांसद धर्मपुरी अरविंद को कोरटिया, सांसद सोयम बापू राव को बोथ और टी राजा सिंह को गोशामहल से टिकट दिया है। पार्टी की जारी सूची में 12 महिलाओं के नाम हैं। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों के लिए 30 नवंबर को मतदान होना है।




## कलवरी क्लास सबमरीन के लिए फ्रांस देगा लिथियम आयन बैटरी तकनीक

# एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम तैयार करने के लिए डीआरडीओ के साथ हाथ बढ़ाया

**नई दिल्ली**

**फ्रांस** नेवल ग्रुप तीन नई कलवरी क्लास सबमरीन के लिए भारत के साथ लिथियम आयन बैटरी तकनीक साझा करेगा। इसके बाद मुंबई का मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) फ्रांसीसी लाइसेंस के साथ इन पनडुब्बियों का निर्माण भारत में करेगा। फ्रांस नेवल ग्रुप ने आईएनएस कलवरी पर लगाए जाने के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) सिस्टम तैयार करने को लेकर भी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ हाथ बढ़ाया है। नेवल ग्रुप फ्रांस के अध्यक्ष और सीईओ पियरे एरिक पॉमलेट ने बताया कि उनकी कंपनी 03 कलवरी क्लास की सबमरीन के लिए भारत के साथ लिथियम आयन बैटरी तकनीक साझा करेगी। यह एक प्रकार की रिचार्जेबल बैटरी है। इस बैटरी में इलेक्ट्रोड पदार्थ के रूप में अंतर्वेशित लिथियम यौगिक का उपयोग किया जाता है, जबकि नॉन-रिचार्जेबल लिथियम बैटरी में धातु सदृश लिथियम का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक साझा होने के बाद मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में फ्रांसीसी लाइसेंस के साथ पनडुब्बियों का निर्माण होने से टेक शेयरिंग और स्वदेशीकरण भी अधिक होगा। सीईओ पॉमलेट ने बताया कि आईएनएस कलवरी पर लगाया जाने वाला एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) सिस्टम भारत में ही डीआरडीओ तैयार करेगा। डीआरडीओ और नेवल ग्रुप फ्रांस ने इसकी डिजाइन के लिए सहयोग बढ़ाया है।

डीआरडीओ की नौसेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएमआरएल) का फ्यूल सेल आधारित एआईपी सिस्टम जल्द ही आईएनएस कलवरी पर फिट होने के लिए तैयार हो जाएगा।

## इस्राइल ने बनाई एक नई सुरक्षा एजेंसी 'निली

# 'हमास के 'नुखवा' को मारने का दिया टास्क

**तेल अवीव**

**हमास के** आतंकियों की ओर से इस्राइल पर किए गए हमले में दुनिया की सबसे ताकतवर एजेंसी के तौर पर जानी जाने वाली मोसाद और शिन बेट पर तमाम तरह के सवालिया निशान लगने लगे। माना यही जाने लगा कि इन खुफिया एजेंसियों की नाकामी के चलते ही हमास के आतंकियों ने यह सबसे बड़ा हमला कर दिया। फिलहाल अपने ऊपर हुए अब तक के सबसे बड़े हमले के बाद इजरायल ने हमास के आतंकियों को खत्म करने के लिए एक नई एजेंसी "निली" का गठन कर दिया है। इसी हफ्ते हुए इस नई सुरक्षा एजेंसी के गठन के बाद इसके सदस्यों को जो टारगेट दिया गया है वह इस्राइल पर हमला करने वाले प्रत्येक हमास के आतंकी नुखवा ( हमास के सैनिक कमांडो। जो आतंकी हमले में शामिल थे) को खत्म करने का है। सुरक्षा मामलों से जुड़े जानकारों का मानना है कि यह एजेंसी सबसे बड़ी ताकत के साथ अपने टारगेट को भेदने की तैयारी में लग गई है।



जानकारी के मुताबिक इजरायल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने निली नाम की एक एजेंसी का गठन किया है। यह एजेंसी इसराइल डिफेंस फोर्स समेत तमाम अन्य खुफिया एजेंसी और फील्ड शोल्जरों की चुनिंदा टीम के साथ तैयार की गई है। जानकारों का कहना है कि इस एजेंसी का लक्ष्य सबसे कठिन बनाया गया है। रक्षा मामलों के जानकार ब्रिगेडियर देवेंद्र साहा कहते हैं ।

# एलएसी पर चीन ने बिछाया सड़कों, हेलीपैड का जालः पेंटागन

**नई दिल्ली**

**अमेरिकी** रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि चीन ने भारत से लगती एलएसी पर साल 2022 में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किया है। भारत से बढ़ते तनाव के बीच चीन ने एलएसी पर बड़े पैमाने पर नई सड़कों, सैन्य और नागरिक दोनों उपयोग के लिए एयरपोर्ट और कई हेलीपैड बनाए हैं। पेंटागन ने 'मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलपमेंट्स इन्वोल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' नाम से यह रिपोर्ट जारी की है।

पेंटागन की रिपोर्ट में खुलासा

रिपोर्ट में कहा गया है मई 2020 में भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा, जिसके बाद चीन की सेना पीएलए की वेस्टर्न थिएटर कमांड का ध्यान इस ओर गया है। भारत और चीन के बीच सीमा पर सरहदबंदी को लेकर स्थिति साफ नहीं है, जिसके चलते दोनों देशों के बीच अक्सर सीमा पर विवाद होता रहा है। हालांकि 2020 के बाद से यह तनाव काफी बढ़ गया है। यही वजह है कि दोनों तरफ से एलएसी पर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किया गया है। वेस्टर्न थिएटर कमांड ने एलएसी पर बड़े पैमाने पर सैनिकों की तैनाती भी की हुई है। खासकर गलवान घाटी में भारतीय सेना के साथ हुई हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में सैनिक तैनात हैं।

भारत चीन के बीच बातचीत में नहीं हुई खास प्रगति

रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों पक्षों में तनाव को कम करने के लिए बातचीत हो रही है ।

## दशहरा पर रेलवे लाइन पर रहेगा आरपीएफ का पहरा

### रामलीला मैदान पर भीड़ को पटरी पर आने से रोकेगी फोर्स

**प्रतापगढ़।** दशहरा पर्व पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रामलीला मैदान के किनारे रेलवे पटरी पर रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती का निर्देश दिया गया है। रेल प्रशासन ने भीड़ की वजह से किसी भी प्रकार का ट्रेन हादसा न होने पाएं इसके लिए यह कदम उठाया है। आरपीएफ ने निर्देश पर अमल करना शुरू कर दिया है। इंचार्ज ने ट्रैक पर ड्यूटी को लेकर तैयारी कर ली है। बता दें कि हर वर्ष दशहरा पर्व पर रावण दहन के मेले को देखने के लिए हजारों की तादाद में लोग नगर के रामलीला मैदान में जमा होते हैं। पास में रेलवे लाइन गुजरी है। भीड़ लाइन तक हो जाती है। इसके अलावा लाइन के उस पार रहने वाले भी ट्रैक क्रास करके आते हैं। इस वजह से भी ट्रैक पर आवागमन बढ़ जाता है। इससे ट्रेन हादसे की संभावना बनी रहती है।

## जिला जज ने यूपीएस कटरा गुलाब सिंह की आन्या को किया सम्मानित

### स्वच्छता जागरूकता चित्रकला प्रतियोगिता में आन्या का प्रथम स्थान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता जनपद स्तर पर कराई गई जिसमें चित्रकला की सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का जनपद स्तर पर गठित त्रिसदस्यीय सत्यापन समिति द्वारा परीक्षण किया गया। समिति द्वारा सम्यक परीक्षणोंपरान्त छात्र-छात्राओं की प्रविष्टियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किया गया था, जिसमें आन्या विश्वकर्मा कक्षा आठ मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह मान्धाता की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



आन्या को सम्मानित करते अतिथिगण।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम सम्मान समारोह संत एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आन्या को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सुरेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता, राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक मोहम्मद फरहीम ने छात्रा एवं विद्यालय परिवार को बधाई दी है।

## रामलीला समिति द्वारा कुंभकरण वध की निकाली गई झांकी, प्रभु श्रीराम के लगे जयकारे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में आज आठवें दिन कुंभकरण वध लीला की झांकी निकाली गई। भगवान प्रभु श्री राम जी ने कुंभकरण से भीषण युद्ध कर वध करने की झांकी लीला प्रस्तुत की गई थी।कुंभकरण वध होने पर राम भक्तों ने प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए।

झांकी श्री राम गोपाल मंदिर से समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह ह्णदिन्नूह्ण, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, राजू शर्मा, धर्मेंद्र चैरसिया, बंटी नेता, विष्णु सोनी आदि झांकी का नेतृत्व कर रहे थे। लीला की झांकी गोपाल मंदिर से चैक बजाजा से चैक ठठेरी बाजार होते हुए सदर चैराहा से रामलीला मैदान जहां पर प्रभु श्री राम व कुंभकरण का भीषण युद्ध हुआ। प्रभु श्री राम ने कुंभकरण का वध कर दिया। कुंभकरण का वध होते ही राम भक्तों ने जयकारे लगाए। राम की सेना में प्रसन्नता छा गई। रामलीला मैदान से वापसी पंजाबी मार्केट से श्री रामगोपाल मंदिर आकर समापन किया गया। इस अवसर पर राजू शर्मा, धर्मेंद्र चैरसिया, धर्मेंद्र सिंह, छेदीलाल, विवेक यादव, शिवम खंडेलवाल, प्रकाश, मनीष सिंह, विनय केशरवानी, राहुल पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, राजेश उमरवैश्य, दीपक जायसवाल, करफू सोनी, अजय कसौधन, अमित रावत, सचिन सोनी, सोना सिंह आदि उपस्थित रहे।


रामलीला समिति द्वारा कुंभकरण वध की निकली झांकी।

## न्याय तथा करूणा के बीच विकास के प्रति समर्पण है सच्चा धर्मा: प्रमोद तिवारी

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने महाष्टमी पर देवी मां का किया जगह जगह पूजन-अर्चन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने महाष्टमी पर विभिन्न दुर्गा पाण्डालों में देर शाम तक दर्शन पूजन कर मत्था टेका। स्थानीय नगर पंचायत की बाजार में दुर्गा पाण्डालों में पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि धर्म हमें सदैव शांति व सदभावना तथा परस्पर प्रेम के वातावरण में हर जरूरतमंद की सेवा का मार्ग प्रशस्त किया करता है।

उन्होनें कहा कि कोई भी धर्म सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश में नफरत अथवा घृणा को जरा सा भी स्थान नही दिया करता। उन्होंने लोगों से कहा कि पीड़ित तथा कमजोर तबके को न्याय दिलाने के प्रति अन्याय का हर मोड़ पर प्रतिकार करना चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि वह तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना सदैव रामपुर खास में अमन व शांति के बीच बहुमुखी विकास की प्रतिबद्धता कायम रखेंगे।

श्रीहनुमत निकेतन के समीप दुर्गा पाण्डाल में दर्शन पूजन करने के बाद सांसद प्रमोद तिवारी बाजार खास पहुंचे। यहां मां वैष्णो दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को मां दुर्गा का चित्र भेंटकर लोकमंगल विकास का सदभावना सम्मान सौंपा। इन्दिरा चैक तथा कालाकांकर रोड व जलेसरगंज मार्ग पर भी आकर्षक ढंग से सजाए गए दुर्गा पाण्डालों में प्रमोद तिवारी ने महाष्टमी पर मां काली के स्वरूप की धूप दीप व अक्षत पुष्प समर्पित कर पूजन अर्चना की। इस मौके पर पाश्र्व गायक रवि त्रिपाठी, प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष, अंजनी कौशल, दुर्गेशचंद्र पाण्डेय, पं. शनि कुमार तिवारी, मनोज शर्मा, अरविंद कौशल, उदयशंकर दुबे, विजय कौशल, राहुल सिंह, कल्लू नापित, दिनेश सिंह, राकेश तिवारी, पप्पू जायसवाल, गौरीशंकर पाण्डेय, आशीष कौशल, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, केडी मिश्र, रमेश जायसवाल, संजय सिंह आदि रहे।


मां दुर्गा पाण्डाल में दर्शन पूजन करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

## एमडीपीजी कालेज की पांच छात्राएं कबड्डी टीम में हुई चयनित


कबड्डी टीम में चयनित एमडीपीजी कालेज की छात्राएं।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज की पांच छात्राएं प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम में चयनित हुई हैं। महाविद्यालय की छात्रा स्वाति पांडे, साक्षी पाल, आरती कनौजिया, पूजा यादव, आकांक्षा यादव प्रयागराज के ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी टीम के ट्रायल में विश्वविद्यालय की टीम में चयनित हुई हैं। उनके इस चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र, क्रीडा प्रभारी प्रो प्रदीप कुमार सिंह, जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# अष्टमी के दिन जगह-जगह हुआ कन्या भोज का आयोजन

## नया माल गोदाम रोड हुआ कराया गया कन्या भोज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अष्टमी के दिन देवी मंदिरों में पूजा पाठ करने तथा कन्या भोज कराने वालों की भीड़ रही। वैसे सप्तमी के दिन से ही जगह-जगह कन्या पूजन के साथ कन्या भोज भी कराया जा रहा है। नया माल गोदाम रोड स्थित डा0 अनुराग की क्लीनिक पर लगे भव्य दुर्गा प्रतिमा में शाम को महाआरती के पहले कन्या भोज कराया गया।

इसमें आसपास की छोटी-छोटी बड़ी संख्या में कन्याओं ने मां के दरबार के सामने कन्या भोज किया। इस कन्या भोज की व्यवस्था में हरीश शर्मा, शिवानी, रीना सिंह, कुसुम सिंह आदि सक्रिय रहीं। इसके अलावा महाआरती में भाजपा महिला मोर्चा की सरिता श्रीवास्तव, पूर्व नगर शिक्षाधिकारी श्रीराम मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, डा0 अनुराग मिश्र, राहुल पाण्डेय, अनिरुद्ध तिवारी, विजय मिश्र, अतुल पाण्डेय आदि रहे।


नया माल गोदाम रोड पर कन्याओं को भोज कराती युवती।

## कन्या पग पूजन में दिखी भारतीय संस्कृति की छलक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मानो तो मैं गंगा मां हूं, न मानो तो बहता पानी...। यानि अगर मन में सच्ची श्रद्धा और आस्था है तो ईश्वर के स्वरूप का दर्शन कहीं भी हो सकता है। शनिवार को अजीत नगर सरस्वती शिशु मंदिर में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। स्कूल में नवरात्र पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में देवी के नौ रूपों को धरे नन्हीं कन्याओं के स्वरूप का दर्शन पूजन करने को हर कोई आतुर दिखा। मौका था भारत विकास परिषद् विशाल के तत्वाधान में आयोजित कन्या पग पूजन कार्यक्रम का। जिसमें सनातन परंपरा और भारतीय संस्कृति की छलक देखने को मिली। अध्यक्ष गिरजा शंकर मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से की।

संरक्षक उदयभानु सिंह ,सचिव अश्विनी केसरवानी ने कहा भारतीय परंपराओं को जीवित रखने के साथ साथ बच्चों को संस्कारित करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद् कार्यक्रम आयोजित करता हैं। महिला संयोजिका कविता केसरवानी, पूनम केसरवानी, डॉली केसरवानी, रीना, अंकिता, श्रद्धा, प्रीति और स्कूल के सभी स्टाफ ने कन्या पग पूजन किया। जिसमें कन्याओं का टीका किया, आरती उतारी, चुनरी पहनाई,भोग लगाया और उपहार दिया। कार्यक्रम में गोविन्द खण्डेलवाल, रतन जैन, नारायण खण्डेलवाल, आनंद केसरवानी, मनीष आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक और भाविप के सदस्य संजीव आहूजा ने आभार प्रकट किया। संचालन प्रधानाचार्य गजराम मौर्य ने किया।

## माता मैया देबी के साथ मां दुर्गा का भव्य श्रंगार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर शास्त्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने यजमान अश्वनी कुमार मोदनवाल व धर्मपत्नी को प्रतिदिन की तरह पूजन अर्चन कराया। रविवार को अष्टमी के दिन परियावां स्थिति माता मईया धाम मे मां दुर्गा के साथ गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिके व माता मैया देबी का फूलो से सजाकर भव्य श्रंगार के साथ पूजन अर्चन के साथ आरती की गयी नवमी के दिन सोमवार को कन्या भोजन के साथ विशाल भंडारे का कार्यक्रम रखा गया है सोमवार को मां दुर्गा के साथ अन्य प्रतिमाओ का कालाकांकर गंगा नदी मे विसर्जन करने के लिए ट्रैक्टर को सजाकर उसमे मूर्ति रखकर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो परियावां तुलसी का पुरवा होते हुए वापस नवाबगंज आलापुर चैराहे से होते हुए कालाकाकर गंगातट किनारे पहुंचेगी जंहा शासन के निर्देश पर खोदे गये गड्डे मे विसर्जन की जाएगी। जिसमे भारी संख्या मे श्रद्धालुगण गाजा बाजा के साथ शामिल होगे। इसी क्रम मे आलापुर, कालाकांकर, झुकवारा, केरावडीह, बाजिदपुर सहित अन्य क्षेत्रों में सजे दुर्गा पंडाल में श्रद्धालुगण पूजन अर्चन के साथ मां की सुबह शाम आरती करते दिखाई दे रहे हैं।

## नवरात्र अष्टमी पर पूजी गयीं माँ महागौरी, कन्या भोज का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्र में मां जगदम्बे आदिशक्ति की पूजा अर्चना को लेकर लालगंज इलाके को एक सौ अटठाईस जगहों पर पाण्डाल लगाये गये हैं। पाण्डालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा आराधना में भक्तों की भीड़ जुट रही है। रविवार को अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी का देवी भक्तों ने विधिविधान से पूजन अर्चन किया। कस्बा के हरिहरम मंदिर में स्थापित दुर्गा मंदिर के साथ ही इनहन भवानी धाम, गुम्मौर देवी, दुर्गन भवानी धाम, कालिका देवी, बाबा घुइसरनाथ धाम स्थित दुर्गा मंदिर के साथ ही कस्बा स्थित दुर्गा पाण्डालों एवं जलेशरगंज, धारूपुर, रानीगंज कैथौला, रामपुर बावली, सांगीपुर, रामनगर कोल, राहाटीकर, रेहुआ लालगंज, शाहबरी, सगरा सुन्दरपुर, बाबूगंज, लक्ष्मणपुर, लीलापुर, अजगरा, साहबगंज आदि जगहों पर सजे दुर्गा पाण्डालों में दुर्गाष्टमी पर मां महागौरी का श्रद्धालु पूजन अर्चन करते दिखे। वहीं मन्दिरों दुर्गा पाण्डालों के साथ ही घरों में देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उन्हें हलुआ पूड़ी खिलाकर मां देवी से श्रद्धालु सुख समृद्धि की कामना भी करते दिखे।

## राज्यपाल से सम्मानित हुए साहित्यकार डॉ. अनुज नागेन्द्र, बधाईयों का तांता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राजस्थान के महामहिम राज्यपाल श्री कलराज मिश्र प्रतापगढ़ के शैल श्याम पैलेस में आयोजित एक्सीलेंस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की महान विभूतियों साहित्यकारों, पत्रकारों को भी सम्मानित किया। लालगंज नगर निवासी व लोकप्रिय कवि एवं शायर डॉ. अनुज नागेन्द्र भी राज्यपाल से सम्मानित हुए। डॉ. अनुज नागेन्द्र की इस उपलब्धि पर जनपद के साहित्यकारों ने उन्हें बधाई दी है। अवधी सम्राट आचार्य अनीस देहाती ने डॉ. अनुज को विश्व के साहित्य की अनमोल धरोहर बताया। गीतकार सत्येन्द्र सिंह सौम्य ने कहा कि इससे साहित्य जगत में डॉ. अनुज का कद और बढ़ा है। राजमूर्ति सिंह सौरभ, सुनील प्रभाकर, रामलगन यादव आशीष, कमलेश कुमार गिरि, अनूप त्रिपाठी, नरेन्द्र निराश, लवलेश यदुवंशी, राजकुमार काहिल आदि साहित्यकारों ने भी खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

## रामलीला मैदान की धूल-धक्कड़ को समाप्त करने के लिये किया गया पानी का छिड़काव

### नगर पालिका ने सफाई के लिये लगाए सौ कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने रामलीला मैदान में उड़ रही धूल धक्कड़ को रोकने के लिये आज पानी के टैंकर को लगाकर पानी का छिड़काव कराय तथा सौ कर्मचारी लगाकर झाडू से पूरे मैदान की सफाई कराई।

सफाई कर्मी मैदान में फैले कंकड़ पत्थर को भी हटा रहे थे। मंगलवार को दशहरे के मेले के पहले मैदान को चाक-चैबंद करने के लिये नगर पालिका ने पूरी ताकत झोंक दी है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निर्देशन में रामलीला मैदान को साफ-सुथरा करने के साथ धूल-धक्कड़ को भी समाप्त करने का प्रयास किया गया है। बता दें कि रामलीला मैदान में 24 अक्टूबर को बड़ा मेला लगेगा और इसी दिन राम और रावण का प्रतीक युद्ध होगा जिसमें बुराई के प्रतीक रावण का वध किया जाएगा। राम-रावण के युद्ध तथा मेले का लुत्फ उठाने के लिये हजारों की संख्या में भीड़ यहां आती है। इन्हें कोई असुविधा न हो, इसके लिये नगर पालिका अपना पसीना बहा रही है।


रामलीला मैदान में टैंकर से पानी का छिड़काव करते नपा कर्मी।

## टीपीएल में ब्रेवहर्ट वारियर्स ने जीता उदघाटन मैच का खिताब

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकासखण्ड के केशवपुर मैदान पर रविवार को टीचर्स प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने जिलास्तरीय टीचर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में स्थानीय लालगंज, सांगीपुर, बिहार, बाबागंज समेत कई ब्लाकों के शिक्षक प्रतिभागियों में उत्साह का माहौल दिखा। लीग का उदघाटन मैच ब्रेवहर्ट वारियर्स तथा ब्लास्टिक बामबर्स के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में ब्रेवहर्ट वारियर्स ने पांच विकेट से उदघाटन मैच जीतने का खिताब अपने नाम किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र ने आयोजन के ध्येय पर प्रकाश डाला। अतिथियों एवं खिलाड़ियो का स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय त्रिपाठी ओमी व आभार प्रदर्शन आयोजक नवनीत सिंह ने किया।

## अस्थान चौकी की भूमि का सीओ ने किया पूजन अर्चन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल कानून ब्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए व अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिए अस्थान चौकी की स्थाई भूमि पर रविवार को सीओ कुंडा अजीत कुमार सिंह व थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने भूमि पर फावड़ा मारकर शास्त्री कालका प्रसाद ने पूजन अर्चन कराया। साथ मे अस्थान चैकी प्रभारी दीपक कुमार मौर्य रहे। मालूम हो कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के अस्थान प्राथमिक विद्यालय मे अस्थाई चौकी अस्थान अग्नि कांड मे तत्काल खोली गयी थी जिसकी निजी भूमि में भवन निर्माण कार्य का शुभारम्भ सी ओ कुंडा व नवाबगंज थाना प्रभारी कुमार कुमार सोनी व चौकी प्रभारी दीपक मौर्य की अगुवाई में किया गया अस्थान चौकी वर्ष 2012 में अस्थान अग्नि कांड के बाद तत्काल बनाई गई थी जो अस्थान प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थी अस्थान ग्राम समाज की भूमि पर ग्राम प्रधान युवराज साहू व हल्का लेखपाल ने जगह चिन्हित कर थाना प्रभारी को अवगत कराया जिस पर निजी चौकी अस्थान का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य शुरू किया गया जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधान डा0 मनोज कुमार पटेल व पूर्व प्रधान सुखराम पटेल, बब्लू यादव प्रधान, प्रभाकर पटेल प्रधान प्रतिनिधि, रामराज पटेल, संतोष कुमार के साथ थाने के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। अस्थान चैकी की निजी भूमि हो जाने से लोगो ने सराहना किया।


अस्थान चौकी का भूमि पूजन करते सीओ कुण्डा।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### विभिन्न प्रजातियों के आलू मेथी धनिया मूली के बीज की बिक्री करेगा उद्यान विभाग

**कौशाम्बी।** जिला उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के आलू के बीज मेथी धनिया की बिक्री जिले के किसानों को की जाएगी बिभाग ने आलू उत्पादकों को सूचित किया है कि निदेशालय द्वारा सम्भावित उपलब्ध कराये जाने वाला आलू बीज यथा कु० बहार कु० ख्याति, कु० पुखराज एवं कु० आनन्द का वितरण बीज उत्पादन के लिए उपलब्धता के आधार पर कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कौशाम्बी से पहले आवक,पहले पावक के आधार पर आलू वितरण पंजिका में दर्ज कराकर नकद मूल्य पर प्राप्त कर सकते हैं। कृषक अपने साथ जनपद का आधार कार्ड एवं 6 माह के अन्दर की खतौनी की फोटो प्रति के साथ आयें इसके अतिरिक्त मेथी, धनिया, एवं मूली का उच्च गुणवत्ता युक्त बीज भी विभाग में उपलब्ध है कृषक नकद मूल्य जमा करके बीज प्राप्त कर सकते है।

## बालिकाओं महिलाओं के सुरक्षा के प्रति हमेशा सजग है पुलिस : एसपी

**महेवा घाट थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति के तहत महिलाओ बालिकाओं को किया जागरूक,समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न स्कूलों और पंडालों एवं गांव-गांव कैंप लगाकर महिला मिशन सशक्तिकरण के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी**

अखंड भारत संदेश





**महेवाघाट कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महेवाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अँधावा में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया और उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं बालिकाओं को संबोधित करते हुए उनके अधिकारों की जानकारी दी इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा बालिकाओं महिलाओं के सुरक्षा के प्रति सजग है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए देश के सभी क्षेत्रों में उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यक्रम लागू कर रहा है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष महेवाघाट रजनीकांत राजपूत के द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया एवं जागरूक किया गया विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई इस अवसर पर चौकी इंचार्ज हिनौता बलराम सिंह महिला कांस्टेबल स्मिता महिला कांस्टेबल प्रतिमा महिला कांस्टेबल सुनीता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अकबर सिंह मौजूद रहे इस कार्यक्रम में तमाम बालिकाएं एवं महिलाओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया थाना क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा स्कूलों-कॉलेजों और गांव-गांव कैंप लगाकर महिलाओं बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने व सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न स्कूलों और पंडालों एवं गांव-गांव कैंप लगाकर महिला मिशन सशक्तिकरण के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098, 181, 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। इस दौरान महिला संबंधी हो रहे अपराधों के बारे में जागरूक किया गया बताया कि अगर किसी भी महिला व बालिका को कोई शोहदा परेशान करता है तो इन नंबरों पर इसकी जानकारी महिला पुलिस एवं संबंधित थाना पुलिस को दे सकती हैं।

## न्यूज झरोखा

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा इंटर कॉलेज में किया गया पौधारोपण



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने दिनांक 1 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता अभियान के बारे में 21 अक्टूबर को विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया इस कार्यक्रम में पंडित जगदीश नारायण मिश्र इंटर कॉलेज पांडे मऊ भरवारी के प्रधानाचार्य मलखान सिंह संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे अनुदेशिका श्रीमती रेखा देवी विद्यालय के अध्यापक श्रीकांत तिवारी ओंकार श्रीवास्तव सोहनलाल मनीष कुमार आदि ने विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया गया तथा जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा गीता अलका नेहा पांडे रवी रश्मि रितु दिवाकर राधा पांडे मुस्कान आदि प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे इस मौके पर पौधारोपण के लाभ बताए गए और लोगों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया है।

### एसपी ने फायर स्टेशन पश्चिम शरीरा का किया निरीक्षण एवं मयफोर्स थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र में किया पैदल गश्त



**कौशाम्बी।** जनपद में कानून शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा शारदीय नवरात्रि एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा रविवार को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया एवं झारखंडी मंदिर,दुर्गा पंडाल तथा नवरात्रि के दौरान होने वाले कार्यक्रमों के स्थलों का निरीक्षण किया गया व दुकानदारों से सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की साथ ही बैंक, ग्राहक सेवा केंद्रों, शराब की दुकानों की भी चेकिंग की तथा आम जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया व संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग भी की तथा ड्यूटी में मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कौशांबी द्वारा फायर स्टेशन पश्चिम शरीरा का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को परिसर की साफ सफाई सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### चकमार्ग खलिहान और सार्वजनिक भूमि पर कब्जे की शिकायत

**चायल कौशांबी।** तहसील समाधान दिवस चायल में पहुंचे फरियादी आवास निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने अधिकारियों को बताया कि चायल क्षेत्र के मोहम्मदपुर के सार्वजनिक सरकारी भूमि खलिहान और चकमार्ग की सार्वजनिक हित के सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है पूर्व में जिला स्तरीय तहसील दिवस में भी शिकायत किया गया है उसके पहले भी कई बार शिकायत कर सरकारी सार्वजनिक जमीन खाली करने की मांग की गई है लेकिन सरकारी भूमि से कब्जा नहीं हट रहा है। जांच के नाम पर शिकायती पत्र पर लीपापोती कर राजस्व लेखपाल मामले का निस्तारण कर देते हैं अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकारी जमीन से कब्जा हटाया जाए और कब्जा करने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाए शिकायतकर्ता ने कहा कि सार्वजनिक हित की सरकारी भूमि से कब्जा नहीं हटाया गया तो हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर करने के लिए वह मजबूर होगा।

## बिना रोक-टोक चल रही है अवैध तरीके से हार्वेस्टर मशीन

अखंड भारत संदेश

**दिल्ली के प्रदूषण को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का उत्पीड़न क्यों**



**कौशाम्बी।** दिल्ली के प्रदूषण को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को जमकर उत्पीड़न हो रहा है जहां पराली जलाई जा रही है वहां तो प्रदूषण नहीं है तो फिर दिल्ली के प्रदूषण को लेकर उत्तर प्रदेश के किसानों का उत्पीडन क्यों किया जा रहा है किसानों से क्यों जुर्माना वसूला जा रहा है कौशाम्बी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध तरीके से हार्वेस्टर मशीन धान की खड़ी फसल की कटाई में लगी हैं जिन्हें सरकार और उनके नुमाइन्दे नहीं रोक पा रहे है। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में पराली जलाने के बाद प्रदूषण नहीं दिखाई पड़ रहा है गांव क्षेत्र का वातावरण साफ दिखाई पड़ रहा है हवा के तापमान में शुद्धता का भार अधिक है उसके बाद भी पराली जलाने के नाम पर किसानों का शोषण शुरू है दिल्ली के प्रदूषण को लेकर दिल्ली पर कानून बनाए जाने की जरूरत है पराली जलाने नाम पर किसानों से जुमार्ने वसूले गए लेकिन अवैध तरीके इतनी से चलने वाली हार्वेस्टर मशीनों के संचालक पर सरकारी नुमाइंदो द्वारा रोक नहीं लगाई गई है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा अंतर्गत दर्जनों गांव में अवैध तरीके से हार्वेस्टर मशीन धान की कटाई कर रहे हैं उनके पास धान कटाई का पर्याप्त आधार नहीं है लेकिन फिर भी अवैध हार्वेस्टर मशीन को रोकने के लिए जिला कृषि अधिकारी ने अभी तक कमर नहीं कसी है। किसानों का कहना है कि अधिक प्रदूषण फैलाने वाले ईट भट्ठे अवैध तरीके से चलेंगे उनमें धुंआ निकलेगा लेकिन उनसे किसी अधिकारी नेता को कष्ट नहीं है क्योंकि वह बड़े लोग हैं ईट भट्ठों के संचालन के लिए भट्ठा मालिको को लाइसेंस दिया जा रहा है धुंआ उगलने वाले ईट भट्टे लाइसेंस लेने के बाद गुनाह से दोष मुक्त है जबकि ईट भट्ठे जमकर धुआं उगल रहे हैं कल कारखाने फैक्ट्री चलेंगी उनसे धुंआ निकलेंगे उन्हें बंद नहीं कराया जा रहा है बल्कि उन्हें लाइसेंस दिया जा रहा है क्योंकि फैक्ट्री चलाने वाले लोग बड़े लोग हैं वह नेताओं के संपर्क में है फैक्ट्री से धुआं निकलने के बाद भी उनसे अधिकारी नेताओं को कोई कष्ट नहीं है लेकिन पराली जलाने में आफत आ गई है सरकार की दोहरी नीति से किसान परेशान है बिना समझे बूझे कानून बनाए जा रहे हैं कानून का पालन करना किसानों की मजबूरी बन गई है गांव क्षेत्र में पराली पड़े होने से गंदगी उत्पन्न हो रही है जिससे बैक्टीरिया कीटाणु जन्म लेते हैं और विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो रही है हार्वेस्टर मशीन को रोकना होगा पराली जलाने पर फिर से मंथन करना होगा।

## चार चिकित्सा अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में हुआ परिवर्तन

**लंबे समय से जमे प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के स्थानांतरण का कमिश्नर ने दिया था निर्देश**

**कौशांबी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 5 वर्ष से अधिक समय से जमे चिकित्सकों के कार्य क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ने परिवर्तन करने का आदेश जारी किया है कमिश्नर प्रयागराज मंडल के भ्रमण के दौरान लंबे समय से एक ब्लॉक में जमे प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के कारनामों का खुलासा हुआ था जिस पर कमिश्नर ने मामले को गंभीरता से लिया और लंबे समय से जमे प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के स्थानांतरण का निर्देश दिया था मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेश के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा में तैनात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ललित कुमार सिंह को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चायल स्थानांतरित किया गया है और चायल में तैनात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुक्तेश द्विवेदी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा की जिम्मेदारी दी गई है दोनों चिकित्सक लंबे समय से क्षेत्र में तैनात है और दोनों के कार्य क्षेत्र में आपस मे परिवर्तन किया गया है। इसी तरह मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार सिंह को पीएचसी सरसवां की जिम्मेदारी सौंप दी गई है और पीएचसी सरसवां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार गुप्ता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज भेजने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किया गया है।

## तालाब में पानी न होने से मूर्ति विसर्जन करने वाले भक्तों में आक्रोश



**कौशाम्बी।** नवरात्रि पर्व पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चन करने वाले भक्तों के नदी में मूर्ति विसर्जन पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन तालाब में करने का फरमान जारी किया गया है सरकार ने तालाब के आसपास स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश दिया मीटिंग में निर्देशों की जानकारियां दी गई लेकिन अभी तक मूर्ति विसर्जन करने वाले तालाब में ना तो पानी की पर्याप्त व्यवस्था है ना स्ट्रीट लाइट लगाई गई है ग्राम सभा चक थाभा के मूर्ति विसर्जन का चिन्हित तालाब माजरा सेवकूपुर में है जहां पर छह सात ग्राम सभाओं की मूर्तियां विसर्जित की जाती हैं लेकिन तालाब में पानी नहीं है स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है देवी प्रतिमाओं का विसर्जन भक्त कैसे करेंगे इस बात को लेकर भक्तों में आक्रोश प्राप्त है जिले के तमाम क्षेत्रों में मूर्ति विसर्जन के लिए निर्धारित तालाब में आव्यवस्थाओं का बोलबाला है देवी प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चन करने वाले भक्तों का कहना है कि तालाब में पानी नहीं है जिससे मूर्ति विसर्जन नहीं हो पाएगी तालाब में पानी न होने से मूर्ति विसर्जन करने वाले भक्तों में आक्रोश व्याप्त है लेकिन अभी तक तालाब में पानी नहीं भराया गया है आखिर पूजा पद्धति पर यह किस तरह की रोक हैं मूर्ति विसर्जन के लिए चिन्हित तालाब में पानी भरने की किसकी जिम्मेदारी है पानी तो तालाबों में नही है और मूर्ति विसर्जन के पूर्व तालाब के आसपास प्रकाश की व्यवस्था के लिए सरकार ने स्ट्रीट लाइट लगवाने की घोषणा की थी मीटिंग में निर्देश भी दिए गए लेकिन पालन नहीं हो सका मूर्ति विसर्जन से पहले स्ट्रीट लाइट लग जाना चाहिए लेकिन निर्देश और आदेश हवा हवाई साबित हुए है।

## भारतीय इतिहास को समझने के लिए राष्ट्र की चित्त को समझना होगा : संजय हर्ष

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** इतिहास का संबंध किसी एक विषय या विचारधारा तक सीमित नहीं बल्कि इसमें राष्ट्र का शाश्वत मूल्य व्यक्त होता है। राष्ट्र की आत्मा, राष्ट्र की चिति ही इतिहास का विषय है। नई पीढ़ी को अपने राष्ट्र के वास्तविक इतिहास से परिचित कराने का दायित्व सदैव पुरानी पीढ़ी का रहा है। यह विचार अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव संजय श्रीहर्ष ने व्यक्त किया। वह इतिहास संकलन समिति काशी प्रांत के निर्देशन में इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता के लिए मंझनपुर में आयोजित आयोजकों व संयोजकों की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन इतिहास संकलन समिति कौशाम्बी इकाई और कौशाम्बी के गौरवशाली पौराणिक इतिहास को विश्व मानस पटल पर प्रस्फुटित कर राष्ट्र को मजबूत करें।बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर आनन्द शंकर सिंह ने की उन्होंने अपने संबोधन में इस बात को रेखांकित किया कि संस्कृति और इतिहास के महत्वपूर्ण तथ्यों का अभ्यास और प्रचार प्रसार युवाओं में अपने देश के प्रति लगाव पैदा करेगा और उन्हें राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रेरित करेगा। कौशाम्बी के अद्वतीय इतिहास को समझने के लिए प्रेरित किया।कौशाम्बी का इतिहास भारत ही नही सम्पूर्ण विश्व पटल पर अनूठा है। इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र ने विषय का प्रवर्तन करते हुए इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता का आयोजन दिसंबर और जनवरी में किया जाएगा जिसमें माध्यमिक स्नातक और परास्नातक के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन जनपद में तीन चरणों में सम्पूर्ण जिले में किया जाना प्रस्तावित है। इसमें इतिहास संस्कृति और सामान्य ज्ञान के प्रश्न सम्मिलित होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि त्रियुगी नारायण मिश्र ने कहा कि मानव के रक्त मांस का प्रत्येक अणु राष्ट्र से बना है, इसे समझने के इतिहास सबसे सार्थक है। बैठक में अतिथियों का स्वागत डॉ0 अनूप त्रिपाठी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महासचिव सूर्यप्रकाश ने सभी का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी का संचालन आयुष युवा इतिहासकार कौशाम्बी ने किया। विद्यार्थी परिषद व विद्या भारती के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में रघुनाथ, पुष्पेंद्र मौर्य, संतोष शुक्ला, संदीप, आनन्द सिंह, ओमदत्त, अतुल, ऋचा, शालिनी सिंह, हर्ष, प्रशांत केशरी आदि रहे।

### रहस्यमय परिस्थितियों में युवक लापता

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के झण्डापुर निवासी रमेश चंद्र का लड़का गुलाब सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष 21 अक्टूबर को किसी काम से टेड़ीमोड़ गया था वह अभी तक अपने घर वापस नही पहुंच सका जिससे घर वाले परेशान है सभी जगह पूछताछ के बाद अभी भी पता नही चला लड़के के भाई अमरदीप ने बताया कि किसी काम से टेढी मोड़ गया था बहुत छानबीन करने के बाद भी पता नही चला है।

### तहसील से बाइक चोरी

**चायल कौशांबी।** चायल तहसील में अधिवक्ता के पास गए युवराज सिंह पुत्र रामदास निवासी कसेन्दा ने अपनी बाइक चायल तहसील के पानी टंकी के पास खड़ी कर दी थी जब वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब थी मामले की सूचना उन्होंने पुलिस को दी है आशंका जताई जा रही की बाइक उनकी चोर उठा ले गए हैं।

## रास्ता बंद कर अकेली महिला को आए दिन दबंग देते है धमकी

अखंड भारत संदेश

**संख्या बल में भारी दबंग अकेली महिला पर आए दिल कर रहे जुल्म ज्यादती**

**जब महिलाओं पर अत्याचार होता है तो मिशन शक्ति की पुलिस न्याय करने के लिए सामने नहीं दिखाई पड़ती**

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव में आम रास्ते को बंद कर दबंग मनमानी पर उतारू है जिससे अकेली महिला के आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है कई बार मामले की शिकायत थाना और पुलिस चौकी में महिला ने की लेकिन न्याय नहीं मिल सका महिला बच्चों के साथ घर में अकेले रहती है पति रोजगार के चक्कर में दिल्ली में है महिला से झगड़ा की जानकारी मिलते ही कुछ दिन पहले वह गांव लौट आया है इसी बीच उसके पिता बीमार हो गए और उनकी मौत हो गई जिससे उसे कुछ दिनों से गांव में रहना पड़ा है जबकि महिला के साथ झगड़ा लड़ाई करने वाले दबंग संख्या बल में भारी है जिससे आए दिन अकेली महिला के साथ जुल्म ज्यादती कर दबंग अपना अधिकार जमाना चाहते हैं दोनों पक्ष एक बिरादरी के है मामले को लेकर बिरादरी के लोगों ने भी समझौता पंचायत किया पुलिस चौकी में भी दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद पुलिस ने समझौता पत्र लिखवा कर दोनों के विवाद का निस्तारण कर दिया लेकिन उसके बाद भी दबंग पक्ष रास्ता बंद कर फिर विवाद उत्पन्न कर रहा है रास्ता खोलने की मांग करने वाली अकेली महिला को जान से मारने की धमकी दी जा रही है नारी सुरक्षा और नारी सम्मान की बात करने वाली पुलिस भी महिला के मदद को आगे नहीं दिखाई पड़ रही है मामले को थाना पुलिस गंभीरता से नहीं ले रही है जिससे तनाव की स्थिति बनी हुई है इस वक्त जमीन के बिवाद मे आये दिन खून खराबा वा हत्याएं हो रही है ज्यादातर तो चौकी थाना पुलिस की लापरवाही के चलते घटनायें होती है पुलिस अधिकारियों को मामले को गंभीरता से लेकर आम रास्ते के विवाद को खत्म करते हुए दबंग पर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव मे शनिवार को दबंग उमेश केशरवानी के चबूतरे पर उमेश के छोटे भाई राकेश के बच्चे व मोहल्ले का एक बच्चा आपस मे खेल रहे थे जो एक दूसरे के ऊपर मेट्टी फेंक रहे थे अचानक उमेश की लड़की आ गई और मिट्टी उसके ऊपर पड़ गई बस इतने मे दबंग उमेश केशरवानी व श्री राम केशरवानी एवं राकेश केशरवानी पीड़ित बेबी केशरवानी पत्नी अनिल पर आग बबूला हो गए गाली गलौज करने लगे उसे धमकी देने लगे और बिरादरी की पंचायत मे छोड़े गए रास्ते को खोदकर दबंग बंद करने लगे महिला ने जब मना किया तो दबंग जान से मारने की धमकी देने लगे अकेली महिला के रास्ते को बंद करने वाले दबंग पर थाना पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है जिससे दबंग के हौसले बुलंद हैं मिशन शक्ति की बात करने वाली पुलिस भी महिला को न्याय दिलाने के लिए आगे कदम नहीं बढ़ा रही है आए दिन मिशन शक्ति के कानून का पाठ पुलिस आम जनता को पढ़ा कर जागरूक करने का प्रयास कर रही है लेकिन जब महिलाओं पर अत्याचार होता है तो मिशन शक्ति की पुलिस न्याय करने के लिए सामने नहीं दिखाई पड़ती है।

## ठेकेदार बने चेयरमैन पति पर कार्रवाई करने से कतरा रहे अफसर

**एक ही फर्म को ऑफलाइन करोड़ो का टेंडर कराकर आवंटित कर दिया कार्य**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा में विकास कार्यों में खुलेआम धांधली की सारी हदें पार की जा रही है। आरोप है चेयरमैन ने अफसरों पर दबाव बनाकर ऑफलाइन करोड़ो का टेंडर करा दिया है। साथ ही अधिकांश निर्माण कार्यो का टेंडर चेयरमैन पति ने एक फर्म के नाम लेकर खुद ही गुणवत्ता विहीन कार्य करवा रहा है। लोगों ने विकास योजनाओं में धांधली की शिकायत अफसरों से किया है। पूरब पश्चिम शरीरा नगर पंचायत में विकास कार्य के नाम लूट मची हुई है। आरोप है कि चेयरमैन की जगह नगर पंचायत का सारा कार्य चेयरमैनपति करता है। चेयरमैनपति ने अफसरों के गठजोड़ से शासकीय फरमान को दर-किनार कर खुलेआम भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर रहा है। सूत्रों की माने तो विगत माह चेयरमैनपति ने अफसरों के गठजोड़ से करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यो का टेंडर ऑफलाइन कराकर 80 प्रतिशत कार्य का टेंडर एक ही फर्म को के नाम कराकर खुद ही कार्य ले लिया है। आरोप है कि ठेकेदार बना चेयरमैनपति मानक को दर-किनार कर गुणवत्ता विहीन कार्य करवा रहा है। चेयरमैनपति होने की वजह से नगर पंचायत के कर्मचारी भी गुणवत्ता विहीन कार्यों पर कार्रवाई करने से कतरा रहें है। इससे विकास कार्यों की गुणवत्ता और भी खराब हो रही है।

### आरएसएस एवम मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के निर्देश पर निकाली गई तिरंगा यात्रा फॉर पीओके

**कौशाम्बी।** जिले में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच मंझनपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारणी सदस्य डॉ इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन एवम मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के दिशा निर्देश पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें तिरंगा यात्रा फॉर पीओके हमारा है निकाला गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मोहम्मद अफजाल राष्ट्रीय संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच व मुख्य अतिथि रजा रिजवी राष्ट्रीय संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और मुख्य अतिथि आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक स्वामी मुरारी दास राष्ट्रीय संयोजक मुस्लिम मंच रहे। कार्यक्रम की शुरुवात हाफिज इमरान ने कुरान पाक की तिलावत से की, उसके बाद मौलाना रिफाकत हुसैन ने नात ए पाक पढ़ी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि रजा रिजवी ने कुरान पाक की आयात पढ़ कर समझाया की सभी अपने अपने धर्मों को माने और दूसरे के धर्मों का सम्मान करें आलोचना ना करे स्वामी मुरारी दास ने कहा कि सभी धर्मो में कहा गया एक ही ईश्वर है और मो अफजाल ने कहा पीओके हमारा था और हम इसको लेकर रहेंगे कार्यक्रम के आयोजन में प्रयागराज मण्डल संयोजक कुर्बान अली व कैसर हसन जिला संयोजक कौशांबी और मो शमीम सह संयोजक रहे।

## मौका परस्त दलबदलू नेता सांसद प्रत्याशी के प्रबल दावेदार !

अखंड भारत संदेश

**लखनऊ से लेकर दिल्ली तक काम कराने का नेताजी लेते है ठेका कई अधिकारी भी इनके झांसे में फंसकर लाखों की रकम गवा चुके हैं**




**कौशाम्बी।** दूसरे जनपद के रहने वाले भाजपा का चोला ओढ़े एक कथित नेता कौशांबी मुख्यालय में प्रतिदिन घूमते देखे जाते हैं जिला पंचायत और उसके आसपास इनके लग्जरी वाहन खड़े दिखाई पड़ते हैं इस समय सांसद पद प्रत्याशी के वह प्रबल दावेदार हैं सोशल मीडिया में जमकर बधाई संदेश दिए जा रहे हैं यह मौकापरस्त नेता इसके पहले दूसरी पार्टियों से भी विधायक सीट पर प्रबल दावेदार थे लेकिन जनता से लेकर पार्टी तक ने उन्हें साथ नहीं दिया जिससे लखनऊ दिल्ली के सफर का सपना इनका धरा रह गया और उनके मंसूबे पर पानी फिर गया दूसरी पार्टी में बर्चस्व कायम करने में असफल रहने वाले इस मौकापरस्त नेता ने कुछ वर्षों पहले भाजपा का चोला ओढ़ लिया पूरे दिन जनपद मुख्यालय में नेता की लग्जरी गाड़ी दिखाई पड़ती है बड़ी बड़ी बातें करते हैं लग्जरी कार में शीशा बंद करके चलने के अभ्यस्त यह दलबदलू नेता आम जनता को कीड़े मकोड़ा समझते हैं दिल्ली पहुंचने का सपना देखने वाले नेता जी ने कुछ समय ही में ही करोड़ों की अकूत संपत्ति अर्जित कर ली है झूठ बोलना लंबी चौड़ी झोंकना नेताजी की आदत में शुमार है दल बदलू मौकापरस्त इस नेता का दलाली के कामों की लंबी लिस्ट है जिसका लिया उसका दिया नहीं नेता जी के नाम पर मोहर लगी है लखनऊ से लेकर दिल्ली तक काम कराने का नेताजी ठेका लेते है लच्छेदार बातों के चलते कई अधिकारी भी इनके झांसे में फंसकर लाखों की रकम गवा चुके हैं। दलबदलू नेता की निगाह इस समय लोकसभा सीट पर है और वह लोकसभा सीट से प्रबल दावेदारी कर रहे है बीते दिनों यह नेता सीएम से भी मिल चुके है। कभी समाजवादी पार्टी के एक चर्चित ब्लॉक प्रमुख के आगे पीछे पूरे दिन गुलामी करने वाले यह नेता जी इन दिनों भाजपा के एक नेता के आगे पीछे पूरे दिन घूमते देखे जाते हैं इन दिनों सोशल मीडिया में नेताजी खूब बधाई संदेश दे रहे हैं। त्योहारों पर भी इनके बधाई संदेश खूब जारी हो रहे हैं इन्हें उम्मीद है कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व इन्हें सांसद प्रत्याशी का टिकट देगा और यह बिना मेहनत के सांसद बन जाएंगे लेकिन आम जनता को उम्मीद नहीं है।

## शराब ठेका है या फिर लूट का अड्डा!

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के नारा पुलिस चौकी अंतर्गत देसी और इंग्लिश के ठेके में ओवर रेटिंग दारू बेची जाती है निर्धारित कीमत से सवा गुना तक कीमत अधिक वसूली जाती है आबकारी नियमों के विपरीत संचालित हो रही शराब की दुकान के ठेकेदार पर आबकारी अधिकारी मेहरबान है आबकारी निरीक्षकों ने कभी जांच करने के बाद ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं की है पूरे दिन ग्राहकों से ओवर रेट लेने के चक्कर में सेल्समैन से तू तू मैं मैं होती है लेकिन उसके बाद भी शराब ठेकेदार पर आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही नहीं की है स्थानीय पुलिस भी शराब दुकान पर मेहरबान है दुकान खोलने का समय समाप्त होने के बाद शराब ठेके की दुकान तो बंद कर दी जाती है लेकिन बगल में गोमती लगाई गई है गोमती में शराब मौजूद रहती है रात के समय में शराब की बिक्री गोमती से होती है जहां ठेके की दुकान बंद होने की बात कह कर शराब के शौकीनों से निर्धारित रेट से डेढ़ गुना से 2 गुना कीमत वसूली जाती है गोमती में शराब के साथ-साथ पेट्रोल भी आसानी से मिल रहा है लेकिन स्थानीय पुलिस चौकी पेट्रोल की बिक्री पर भी रोक नहीं लगा पा रही है आखिर शराब ठेकेदार पर आप कार्य अधिकारियों की इतनी मेहरबानी क्यों है नियम विरुद्ध तरीके से शराब की बिक्री के मामले में आबकारी अधिकारियों ने अभी तक कार्यवाही क्यों नहीं की है यह तमाम सवाल आबकारी विभाग की निष्ठा पर खड़े हो रहे हैं इलाके के लोगों ने डीएम कमिश्नर का ध्यान आकर्षित करते हुए नियम विरुद्ध तरीके से चलने वाले शराब ठेकेदार पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### राशन कार्ड न बनाने की शिकायत

**चायल कौशांबी।** तहसील समाधान दिवस चायल में पहुंचे अमित कुमार पुत्र सुरेश प्रसाद निवासी जवाहरगंज जलालपुर ब्लॉक नेवादा ने अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया के उसका राशन कार्ड बना था लेकिन एक वर्ष पहले उसका राशन कार्ड बंद कर दिया गया जिससे उसे राशन नहीं मिल रहा है उसके सामने दिक्कतें हैं उसने फिर ऑनलाइन किया लेकिन उसका राशन कार्ड नहीं बनाया जा रहा है अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संपादक की कलम से

# सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय एकता का पर्व दशहरा

**आश्विन** शुक्ल दशमी को प्रतिवर्ष ह्यविजयादशमीह्ल का पर्व मनाया जाता है, जिसे दशहरा भी कहा जाता है। दशहरा इस वर्ष उदया तिथि के अनुसार 24 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। समस्त भारत में दशहरा भगवान श्रीराम द्वारा रावण के वध के रूप में अर्थात बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में तथा आदि शक्ति दुर्गा द्वारा महाबलशाली राक्षसों महिषासुर व चण्ड-मुण्ड का वध किए जाने के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय पाने के लिए इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि हिन्दू राजा अक्सर इसी दिन विजय के लिए प्रस्थान किया करते थे। इसी कारण इस पर्व को विजय के लिए प्रस्थान का दिन भी कहा जाता है और इसे क्षत्रियों का त्योहार भी माना गया है। इस दिन अपराजिता देवी की पूजा भी होती है। मान्यता है कि सर्वप्रथम श्रीराम ने समुद्र तट पर शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ किया था और तत्पश्चात दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान करते हुए विजय प्राप्त की थी। तभी से दशहरे को असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की जीत के पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

दो शब्दों- दश तथा हरा से मिलकर बना है दशहरा। दश का अर्थ है दस तथा हरा का अर्थ है ले जाना। इस प्रकार दशहरे का मूल अर्थ है दस अवगुणों या बुराइयों को ले जाना यानी इस अवसर पर अपने भीतर के दस अवगुणों को खत्म करने का संकल्प लेना। दरअसल हर इंसान के भीतर रावण रूपी अनेक बुराइयां मौजूद होती हैं और सभी पर एक बार में विजय पाना संभव भी नहीं है, इसलिए दशहरे पर ऐसी ही कुछ बुराइयों का नाश करने का संकल्प लेकर इस पर्व की सार्थकता सुनिश्चित की जा सकती है। दशहरे को रावण पर राम की विजय अर्थात आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय तथा अन्याय पर न्याय की, बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की, दानवता पर मानवता की, अधर्म पर धर्म की, पाप पर पुण्य की और घृणा पर प्रेम की जीत के रूप में मनाया जाता है। दशहरे का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व है। सही अर्थों में यह पर्व अपने भीतर छिपे दुर्गुण रूपी रावण को मारकर तमाम अवगुणों पर विजय प्राप्त करने का शुभकाल है।

दशहरे के उत्सव का संबंध नवरात्रों से जोड़कर देखा जाता रहा है। शक्ति की उपासना का यह पर्व सनातन काल से ही शारदीय नवरात्रि प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक नौ तिथि, नौ नक्षत्र और नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ मनाया जाता है। माना जाता है कि नवरात्रि में देवी की शक्ति से दसों दिशाएं प्रभावित होती हैं और देवी दुर्गा की कृपा से ही दसों दिशाओं पर विजय प्राप्त होती है, इसलिए भी नवरात्रि के बाद आने वाली दशमी को ह्यविजयादशमीह्ल कहा जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में हम देवी के नौ रूपों की पूजा करते हैं लेकिन ऐसा करते हुए हमें यह भी समझना चाहिए कि हमारे समाज में सभी नारियां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, पार्वती या काली का ही रूप हैं, इसलिए इन पर्वों की सार्थकता सही मायनों में तभी सिद्ध हो सकती है, जब हम अपने समाज में देवी स्वरूपा नारी को उचित मान-सम्मान दें, उसे गर्भ में ही मौत की नींद सुलाने से बचाएं, शिक्षित करके उन्हें उनका हक दिलाएं, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएं और सम्मानित जीवन जीने का अधिकार प्रदान करें।

मान्यता है कि आदि शक्ति दुर्गा ने दशहरे के ही दिन महाबलशाली असुर महिषासुर का वध किया था। जब महिषासुर के अत्याचारों से भूलोक और देवलोक त्राहि-त्राहि कर उठे थे, तब आदि शक्ति मां दुर्गा ने 9 दिनों तक महिषासुर के साथ बहुत भयंकर युद्ध किया था।

# राजस्थान में आखिर पायलट कब बनेंगे मुख्यमंत्री ?

अशोक भाटिया



**राजस्थान** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। सचिन पायलट, अशोक गहलोत के नामों का ऐलान कर दिया गया है। राज्य कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर घमासान देखा जा रहा है । गहलोत और पायलट के बीच पुरानी राइवलरी है। पायलट के छह वर्ष तक प्रदेश अध्यक्ष बने रहने के दौरान उन्होंने प्रदेश में अपना एक अलग गुट खड़ा कर लिया है। इस गुट के माध्यम से व लगातार गहलोत को चुनौती देते रहे है, लेकिन पार्टी के भीतर ही रहकर। उसके बाद उन्होंने पूरी तरह से बगावत कर दी और खुलकर गहलोत को चुनौती देते रहे है। यह राइवलरी उन्हें अपने पिता के जमाने से मिली है । इससे पहले गहलोत और सीनियर पायलट यानि सचिन के पिता राजेश पायलट के बीच में भी हमेशा छतीस का आंकड़ा ही रहा। सीनियर पायलट ने उस दौर के युवा गहलोत के बजाय उस समय प्रदेश की राजनीति में अपना वर्चस्व रखने वाले वरिष्ठ नेताओं का साथ दिया। उन्होंने गहलोत को कभी नहीं गांठा। दो दशक में हालात बदल चुके है अब गहलोत पार्टी के वरिष्ठ नेता बन चुके है तो जूनियर पायलट भी एक युवा नेता के रूप में अपनी अलग छवि बना चुके है। हाल के कुछ वर्षों में उन्होंने पूरी तरह से बगावत कर दी है और खुलकर गहलोत को चुनौती देते रहे है।

परन्तु अशोक गहलोत के जादू की काफी समय से चर्चा हर ओर होती आ रही है। वह कहते तो हैं कि सचिन पायलट और उनमें बहुत प्रेम है, लेकिन फिर जो फैसले लेते हैं, उससे काफी कुछ सामने आ जाता है। साल 2018 के चुनाव में सचिन पायलट पार्टी प्रदेश अध्यक्ष थे। ऐसे में सभी को लग रहा था कि मुख्यमंत्री वही बनेंगे लेकिन अशोक गहलोत का जादू चला और वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ गए ।

वहीं, जब कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जा रहा था तो भी अशोक गहलोत का नाम आगे चल रहा था, लेकिन वह राजस्थान मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ना नहीं चाहते थे। ऐसे में उन्होंने पार्टी आलाकमान पर जादू चलाया और अध्यक्ष का पद बड़े सलीके से ठुकरा दिया। वहीं, सचिन पायलट को भी कभी मुख्यमंत्री दावेदार के आगे नहीं बढ़ने दिया।

हद तो तब हो गई जब राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के पहले बड़े ही नाजुक मोड़ पर अशोक गहलोत ने बड़ा दांव खेला है। उन्होंने कहा है कि वे तो मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ना चाहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी उन्हें नहीं छोड़ना चाहती। शायद आगे भी नहीं छोड़ेगी, तो वे भी क्या करें ...! तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके गहलोत के इस बयान के सियासी मायने बहुत बड़े माने जा रहा हैं। गहलोत ने यह बयान उस वक्त दिया है, जब राजस्थान की एक भी सीट पर उम्मीदवारी घोषित नहीं हुई थी और टिकट फाइनल करने के लिए पांच दिन से मशक्कत चल रही थी । खास बात यह है कि गहलोत ने यह बयान नई दिल्ली में दिया है, जहां पर राजस्थान की राजनीति की धुरी अब आलाकमान बना हुआ है और कहा जा रहा है कि आलाकमान सचिन पायलट के समर्थन में कुछ सीटें फाइनल करना चाहता था । गहलोत के इस बयान के बाद पायलट सहित कांग्रेस में कई चेहरे सन्न हो गए । कोई चाहे उन्हें पद लोलुप कहे, लेकिन तस्वीर के तेवर यही हैं कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपना परचम फहरा चुके हैं और संदेश भी साफ साफ दे दिया है कि फिर सरकार आई, तो मुख्यमंत्री वे ही बनेंगे। राजस्थान की राजनीति में इस बयान के बाद बड़ी हलचल है। गहलोत की ओर से तो अब यह सवाल ही नहीं रह गया है कि कांग्रेस की सरकार आई, तो अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा। राजस्थान कांग्रेस में निर्विवाद रूप से केवल दो ही नेता हैं, अशोक गहलोत और सचिन पायलट। पायलट खेमे में माना जा रहा है कि भले ही गहलोत ने कह दिया हो, लेकिन कांग्रेस की सरकार आई, तो आलाकमान ही मुख्यमंत्री बनाएगा, ऐसे में पायलट का नंबर लग सकता है। लेकिन बहुमत के आधार पर तो मुख्यमंत्री गहलोत ही होंगे, क्योंकि निश्चित तौर पर विधायक भी उन्हीं के ज्यादा होंगे, आखिर टिकट वे अपने लोगों को ही ज्यादा दिलवाने वाले हैं। फिर इस बार पूरा चुनाव ही वे अपने कंधों पर ढोए हुए जीत के रास्ते पर अग्रसर हैं। जहां तक पायलट की बात है तो इस चुनाव में कुछ कर ही नहीं रहे हैं, न उन पर कोई जिम्मेदारी है और न ही वे कोई जिम्मेदारी ले रहे हैं। उनके बारे में ऐसी धारणा बन रही है कि वे केवल मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, बस, और कुछ भी नहीं। मगर मेहनत कहीं नहीं दिख रही। ऐसे में सरकार के आने पर भले ही कहा जाए कि आलाकमान जिसे चाहेगा, मुख्यमंत्री भी वही होगा, लेकिन सच यही है कि गहलोत जिसे चाहेंगे, मुख्यमंत्री वही बनेगा, और गहलोत ने तो ऐलान कर ही दिया है कि कुर्सी उन्हें नहीं छोड़ना चाहती। राजस्थान में 156 सीटों के साथ फिर से सत्ता में आने की घोषणा मुख्यमंत्री गहलोत ने बहुत पहले ही कर दी थी, लेकिन असल में गहलोत की कोशिश है कि हर हाल में सीटें 100 के आसपास निकल जाएं, बाकी निर्दलीयों और छोटी पार्टियों के साथ जुगाड़ बनाकर सरकार बना लेंगे। और जुगाड़ में तो गहलोत माहिर हैं ही, जो कि पायलट के बस की बात नहीं है, यह सभी जानते हैं।

उधर, भाजपा अपनी ताकत लगा रही है कि हर हाल में वसुंधरा राजे के बिना सत्ता में आ जाए, लेकिन वसुंधरा के बिना भाजपा की नैया इतनी आसानी से पार लगती नहीं दिखती। राजे को कमान नहीं मिली है, तो फिर नाराजगी के इस दावानल में भाजपा में अंतर्कलह के नुकसान की वजह से गहलोत को मुख्यमंत्री बनने से रोकना भी भाजपा के लिए कोई आसान खेल नहीं होगा। अपने तीसरे कार्यकाल में गहलोत ने पूरे राजस्थान में जबरदस्त योजनाएं लाकर लाभकारी कार्यक्रम के जरिये लोगों के दिलों में जगह बना ली है और इसी वजह से राजस्थान में बड़ी तादाद में लोग गहलोत को ही फिर मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं। एक बहुत बड़ा तबका सरकार से खुश हैं। इसी वजह से माना जा रहा है कि कांग्रेस की सरकार आई, तो अगले मुख?मंत्री फिर गहलोत ही होंगे। राजस्थान की राजनीति में ज्यादातर लोग मान रहे हैं कि कांग्रेस में आज की स्थिति में सबसे प्रबल दावेदार तो केवल अशोक गहलोत ही हैं, और वे ही अगले मुख्यमंत्री भी होंगे। बहुत संभव है कि आलाकमान को संदेश देने के लिए भी गहलोत ने नई दिल्ली में यह ऐलान किया हो।

दरअसल कांग्रेस में लगातार पांच साल तक अपनी ही पार्टी की सरकार का विरोध करने के बाद सचिन पायलट अब शांत हैं, तथा केवल बयान दे रहे हैं कि अगली सरकार फिर से कांग्रेस की आएगी। हालांकि सरकार लाने में उनकी मेहनत कहीं नहीं दिख रही। फिर भी ऐसा कहने के पीछे उनकी मंशा ये है कि लोगों को लगे कि आलाकमान की ताकत अभी भी उनके साथ है और वे बहुमत आने पर मुख?मंत्री बन जाएंगे। लेकिन विधानसभा के टिकट फाइनल होने से पहले ही गहलोत ने नई दिल्ली में बैठकर आलाकमान की नाक के नीचे ही कुर्सी उन्हें नहीं छोड़ती का ऐलान करके अपनी मंशा साफ कर दी है। गहलोत को राजनीति में जादूगर कहा जाता है। गहलोत ने इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में याद दिलाया कि मानेसर की बगावत के वक्त भी भाजपा उनकी सरकार नहीं गिरा पाई, तो इसमें सीधे सीधे पायलट पर वार भी है क्योंकि उस बगावत के पीछे उनकी कोशिश थी कि कैसे भी करके गहलोत सरकार गिर जाए। मानेसर जाकर सरकार गिराने वाले पायलट के समर्थकों को भी टिकट दिलाने का वादा गहलोत कर चुके हैं, तो इसी से समझा जा सकता है कि उनका निशाना कहां है। गहलोत की कोशिश है कि टिकट ऐसे बंटे कि उनके समर्थक विधायक ही सबसे ज?ादा जीतें तथा पूरा चुनाव सरकारी लाभकारी योजनाओं के बूते पर लड़ा जाए, ताकि सरकार फिर से कांग्रेस की ही बने। वैसे भी राजस्थान की राजनीतिक तस्वीर में फिलहाल हर तरफ गहलोत ही दिख रहे हैं और ऐसे में अगर कांग्रेस की सरकार फिर आई, तो गहलोत ही फिर से मुख्यमंत्री होंगे, यह बहुत आसान लग रहा है।

उधर वसुंधरा राजे को भाजपा में दरकिनार करने का जो नुकसान होगा, उसका लाभ केवल गहलोत को ही मिल सकता है, यह भी सच्चाई है। पायलट तो वसुंधरा के विरोध में पदयात्रा, धरने व प्रदर्शन करके खुद के संबंध इस हद तक खराब कर चुके हैं कि वसुंधरा उनकी तरफ देखना भी नहीं चाहती।

फिर, राजस्थान में गहलोत की छवि कांग्रेस में एक सर्व स्वीकार्य नेता की भी है, जो कि पायलट की नहीं है तथा गहलोत ही इस चुनाव को अपने कंधों पर उठाकर लड़ते हुए देख रहे हैं। आलाकमान को साधना उन्हें आता है, तथा कांग्रेस के सारे दिग्गज नेता भी उन्हीं के समर्थन में हैं, यही वजह है कि कांग्रेस सत्ता में आती है, तो गहलोत ही फिर मुख्यमंत्री होंगे। तो फिर जब कुर्सी उन्हें नहीं छोड़ रही तो गहलोत भी कुर्सी क्यों छोड़ें? पायलट को अभी लम्बा इंतजार करना पड़ेगा।

# विश्व गुरू शांति प्रयास में पीछे क्यों रह गये?

पुष्परंजन

**इस** समय दो-तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाजा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इजराइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकॉर्ड का क्या होगा? राष्ट्रपति जो बाइडेन कन्फ्यूड हैं। हमास के हमले के समय बयान देते रहे कि हम नेतन्याहू के साथ हैं। अब बोले कि जिस तरह का हमला गाजा में हुआ, उसकी पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। भारत की तरह अमेरिका में भी 2024 में चुनाव है। $फर्क इतना भर है कि जिस तरह भारत में इस समय पांच राज्यों में चुनाव है, अमेरिका उस तरह से दो-चार नहीं है। वहां एक राउंड में ही फाइनल चुनाव है। भारत में फाइनल से पहले कई सेमीफाइनल हैं। पीएम मोदी इस समय पांच राज्यों में आहूत सेमीफाइनल की व्यूह रचना में खुद इतना उलझ गये कि सांस लेने तक की फुर्सत नहीं है। संभवतः यही विवशता है कि पीएम मोदी मध्यपूर्व में शांति के लिए लीड नहीं ले रहे हैं।

लेकिन जो बाइडेन की घरेलू राजनीति में इस समय इजराइल चस्पां है। उन्हें साबित करना है कि वो एक सक्षम नेता हैं। मगर, बाइडन शांति स्थापना से अधिक आग लगाने में माहिर दीखने लगे। अपने घर की समस्याओं को अड्रेस करने में विफल जो बाइडेन एक युद्धकालीन नेता की तरह अचानक से सक्रिय हुए हैं। बावजूद इसके, प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकंस ने 80 साल के जो बाइडेन को एक कमजोर, शिथिल और ढीले-ढाले नेता के रूप में उनकी छवि गढ़ने में सफलता प्राप्त की है।

ठीक से देखा जाए तो हर आम चुनाव से कुछ महीने या साल पहले किसी दूसरे जमीन पर युद्ध की स्थिति बनती है, और अमेरिका में सत्ता और विपक्ष अपने हिसाब से नैरेटिव गढ़ता है। सन्‌ दो हजार से पहले के कालखंड की चर्चा कभी बाद में करते हैं। मार्च 2003 में इराक युद्ध से ही इन्हें समझने का प्रयास करते हैं। तब अमेरिका में उसके अगले साल आम चुनाव था। उसके बाद, 2003 से 2011 तक इराक में युद्ध का सिलसिला चलता रहा, उन नौ वर्षों में अमेरिकी मतदाताओं और टैक्स पेयर्स की आंखों में अमेरिकी नेता धूल झोंकते रहे। 2016 में अमेरिकी आम चुनाव वाले समय सीरिया डिस्टर्ब कर दिया गया। सीरिया 2020 तक गृहयुद्ध में उलझा रहा, इस बीच अफगानिस्तान भी एक बड़ा मोर्चा था। अमेरिकी नेता अपनी घरेलू राजनीति को युद्ध के बहाने मजबूत करते रहे।

इस बार भी विशेषज्ञों का मानना है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले जो बाइडेन रिपब्लिकन की आलोचना से बचने की कोशिश कर रहे हैं। युद्धविराम के लिए दुनिया भर में बढ़ती मांग के बावजूद जो बाइडेन ने गाजा के खिलाफ इजरायली सैन्य अभियान को अपना समर्थन देने के लिए इस सप्ताह इजरायल का दौरा किया। लेकिन जिस पैमाने पर गाजा में नरसंहार हुआ, उसे देखते हुए जो बाइडेन भी चौतरफा दबाव में आ गये लगता है। गुरूवार को उन्हें कहना पड़ा कि ऐसी गलती न दोहराई जाए। ऐसे बयान का मतलब यही होता है कि मानवता के विरूद्ध इजराइल ने अपराध किया है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में बेंजामिन नेतन्याहू पुतिन के बाद इस कालखंड के दूसरे नेता शायद हो जाएं, जिन्हें युद्ध अपराधी घोषित कर गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया जाए।

इस समय दो तीन बड़े सवाल हैं। सबसे पहला कि गाजा में फंसे बंधकों को बाहर कैसे निकाला जाए, साथ में जो स्थानीय नागरिक हैं, उन्हें आबोदाना और सुरक्षित आशियाना कैसे मुहैया कराया जाए? दो, जो कुछ फिलिस्तीन-इजराइल के बीच हुआ, उसका डैमेज कंट्रोल कैसे हो? और तीसरा, अब्राहम अकार्ड का क्या होगा?

अब्राहम अकार्ड की चर्चा से पहले हमें इजराइल फिलिस्तीन विवाद की टाइम लाइन को संक्षेप में समझ लेना चाहिए। वर्ष 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन ने ऑटोमन साम्राज्य से फिलिस्तीन के बड़े भूभाग को अपने कब्जे में लिया और 2 नवंबर, 1917 की बॅल्फोर घोषणा के तहत यहूदियों को बसने के लिए जगह देने का अहद किया गया। नवंबर 1947 में संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव-181 के तहत फिलिस्तीन के इस भूभाग को यहूदी और अरब राज्य में विभाजित कर दिया गया तथा जेरूसलम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा गया। इस तरह के विभाजन से पूर्वी जेरूसलम सहित वेस्ट बैंक का हिस्सा जॉर्डन के पास और गाजा पट्टी का क्षेत्र मिस्र के पास चला गया। फलस्वरूप लगभग-लगभग साढ़े सात लाख फि लिस्तीनी शरणार्थियों ने वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और दूसरे अरब देशों में जाकर शरण ली।

14 मई, 1948 को इजराइल की स्थापना हुई, जो अरबों के लिए अस्वीकार्य था। 8 महीनों तक इजराइल और अरब देशों में युद्ध चला। मध्य-पूर्व के इतिहास में 1967 का 'सिक्स डे वॉर' दर्ज है।

# 100 साल बाद भी गोलवलकर की विरासत की काली छाया में आरएसएस

राम पुनियानी

**सन** 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे।

मुंबई में 4-5 अक्टूबर 2023 को आयोजित अपनी वार्षिक संगोष्ठी में 'इंडिया टुडे' ने आरएसएस पर केन्द्रित एक सत्र भी रखा था. सत्र का विषय था, 'आरएसएस के 100 वर्षः एम.एस. गोलवलकर अब भी क्यों टिके हुए हैं?' सत्र में विभिन्न विचारधाराओं के वक्ताओं ने हिस्सेदारी की। इसमें गोलवलकर से जुड़े मुख्यतः दो विषयों पर चर्चा हुईः पहला राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना और अल्पसंख्यकों के प्रति उनका दृष्टिकोण और दूसरा, भारत के संविधान की उनकी आलोचना। उनकी सोच के भारत की वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर प्रभाव पर विशेष बात नहीं हुई, खासकर इस संदर्भ में कि भारत में आज अल्पसंख्यकों की स्थिति दोयम दर्जे के नागरिकों की है और भारतीय संविधान की आलोचना में सरकार के शीर्ष पदाधिकारी सबसे आगे हैं।

गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'व्ही आर अवर नेशनहुड डिफाइंड' में लिखा, 'जर्मनी का अपनी नस्ल पर गर्व आज चर्चा का विषय है। अपनी नस्ल और संस्कृति की शुद्धता को बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश से यहूदियों का सफाया कर सारी दुनिया को चौंका दिया। जर्मनी में नस्ल को लेकर गर्व की भावना अपने सर्वोच्च स्वरूप में दिखाई देती है। जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि जिन नस्लों और संस्कृतियां में अंतर उनकी जड़ों तक व्याप्त हैं, उन्हें एक इकाई में समाहित करना असंभव है। हिन्दुस्तान में भी हम इस सबक को सीख सकते हैं और उससे लाभ उठा सकते हैं।' इसके जवाब में हिन्दू राष्ट्रवादी वक्ताओं ने कहा कि इस अंश को उसके संदर्भ से हटा कर नहीं देखा जाना चाहिए और यह भी कि चन्द पंक्तियां किसी व्यक्ति या किसी संस्था की विचारधारा को प्रतिबंबित नहीं कर सकतीं।

इसके जवाब में एक पैनेलिस्ट ने सन्‌ 1972 में 'द इलस्ट्रेटिड वीकली ऑफ इंडिया' के संपादक खुशवंत सिंह द्वारा लिए गए गोलवलकर के साक्षात्कार से उद्धत करते हुए कहा कि गोलवलकर का कहना था कि 'ऐतिहासिक कारणों से मुसलमानों की वफादारियां विभाजित हैं परंतु इसके लिए हिन्दू और मुसलमान दोनों जिम्मेदार हैं।' इसमें हम यह भी जोड़ सकते हैं कि आरएसएस के वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत ने सन्‌ 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में बोलते हुए इससे भी नरम रूख अपनाया था। बाद में उन्होंने यह भी कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दशहरा

रमेश सर्राफ धमोरा




**दशहरा** भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण का संहार किया था तो देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार करने वाले महिषासुर का 10 दिन तक चले भयंकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने वध किया था। इसीलिये इसको विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। इस दिन शस्त्र-पूजा की जाती है। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का समापन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है।

भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है।

दशहरा शब्द हिंदी के दो शब्दों दस और हारा से मिलकर बना है। जहां दस गणित के अंक दस (10) और हारा शब्द पराजित का सूचक है। इसलिए यदि इन दो शब्दों को जोड़ दिया जाए तो दशहरा बनता है। जो उस दिन का प्रतीक है जब दस सिर वाले दुष्ट रावण का भगवान राम ने वध किया था। दशहरा अथवा विजयदशमी पर्व को भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में। दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है। शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है।

हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा बहुत प्रसिद्ध है। अन्य स्थानों की ही भांति यहां भी दस दिन अथवा एक सप्ताह पूर्व इस पर्व की तैयारी आरंभ हो जाती है। स्त्रियां और पुरुष सभी सुंदर वस्त्रों से सज्जित होकर ढोल, नगाड़े, बांसुरी आदि वाद्य यंत्रो को लेकर बाहर निकलते हैं। पहाड़ी लोग अपने ग्रामीण देवता का धूम धाम से जुलूस निकाल कर पूजन करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत ही आकर्षक पालकी में सुंदर ढंग से सजाया जाता है। साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथ जी की भी पूजा करते हैं। इस जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नटी नृत्य करते हैं। इस प्रकार जुलूस बनाकर नगर के मुख्य भागों से होते हुए नगर परिक्रमा करते हैं और कुल्लू नगर में देवता रघुनाथजी की वंदना से दशहरे के उत्सव का आरंभ करते हैं। दशमी के दिन इस उत्सव की शोभा निराली होती है।

कर्नाटक में मैसूर का दशहरा भी पूरे भारत में प्रसिद्ध है। मैसूर में दशहरे के समय पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सज्जित किया जाता है और हाथियों का श्रृंगार कर पूरे शहर में एक भव्य जुलूस निकाला जाता है। इस समय प्रसिद्ध मैसूर महल को दीपमालिकाओं से दुल्हन की तरह सजाया जाता है। इसके साथ शहर में लोग टार्च लाइट के संग नृत्य और संगीत की शोभायात्रा का आनंद लेते हैं। पंजाब में दशहरा नवरात्रि के नौ दिन का उपवास रखकर मनाते हैं। इस दौरान यहां आगंतुकों का स्वागत पारम्परिक मिठाई और उपहारों से किया जाता है। यहां भी रावण-दहन के आयोजन होते हैं व मैदानों में मेले लगते हैं।

महाराष्ट्र में नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं जबकि दसवें दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना की जाती है। इस दिन विद्यालय जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश एवं नये घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है।

बस्तर में दशहरे के मुख्य कारण को राम की रावण पर विजय ना मानकर लोग इसे मां दंतेश्वरी की आराधना को समर्पित एक पर्व मानते हैं।

## नवरात्र पर हुआ मनोहारी डांडिया नृत्य, डांडिया को तलवार नृत्य भी कहते हैं: शानू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन महिला प्रकोष्ठ ने डांडिया-गरबा महोत्सव में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने दीप जलाकर मां दुर्गा में माल्यार्पण कर डांडिया का शुभारंभ किया।

रविवार को महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शकुंतला गुप्ता, मंडल महामंत्री मंजुला निषाद, कोषाध्यक्ष संध्या गुप्ता, संगठन मंत्री पूजा गुप्ता ने महिलाओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि मान्यता है कि मां दुर्गा को प्रसन्न करने को महिलायें डांडिया नृत्य करती हैं। महिला व्यापार प्रकोष्ठ ने सुंदर डांडिया-गरबा का सराहनीय आयोजन किया। माता को प्रसन्न व बच्चों-महिलाओं को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कार्य है। लगभग दो सैकड़ा महिलाओं ने अगले वर्ष से वृहद डांडिया-गरबा आयोजन की बात कही। शानू गुप्ता ने कहा कि मातृ शक्तियों के हाथों जो रंग बिरंगी डांडिया है, ये मां दुर्गा की तलवार है। कई प्रदेशों में डांडिया को तलवार नृत्य भी कहा जाता है। महिला पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास से डांडिया में हिस्सा लेकर सम्मानित किया। इस मौके पर शेशू जायसवाल, पुष्पा केसरवानी, शीला रैकवार, सीता सोनी, स्वाती गुप्ता, प्रिया मौर्य, संगीता सिंह, प्रिया जायसवाल, वैष्णवी त्रिपाठी, संयोगिता, शिवानी, रश्मि, प्राची, माधुरी, चंद्रवती, संगीता, काजल, रानी, पूर्वी, पीहू, मंजू जायसवाल, रमती, एकता, आनन्द समेत सैकड़ो महिलाओं ने डांडिया-गरबा नृत्य किया।

## बकायेदारों में हड़कम्प, वसूले पांच लाख

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व अमीन टीम ने तहसील कर्वी में सघन वसूली अभियान चलाया। राजस्व टीम की अगुवाई में नायब तहसीलदार मंगल सिंह ने की।

रविवार को राजस्व टीम क्षेत्र के भरतकूप, रौलीकल्यानपुर, पहरा, रसिन, शिवरामपुर, अकबरपुर गांवों में बकायदारों से वसूली व गिरफ्तारी के प्रयास किये। राजस्व वसूली टीम ने पांच लाख रुपये की वसूली की। इस बाबत तहसीलदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राजस्व वसूली शासन की शीर्ष प्राथमिकता में है। वसूली को लगातार अभियान जारी रहेगा। खनन, स्टाम्प, विद्युत, बैंक, दुर्घटना, क्लेम, ग्राम सभा जुमार्ना के बकाये पर विशेष अभियान जारी रहेगा। बकायेदारों से कहा कि एक सप्ताह में बकाया जमा करें। अन्यथा कुर्की गिरफ्तारी की कार्यवाही हो सकती है। राजस्व टीम में अमीन रहमान खान, राकेश पाण्डेय, कुलदीप आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचा एक वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने वारंटी रामभवन पुत्र छेदीलाल निवासी नई दुनिया को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता व सिपाही बहोरन सिंह शामिल रहे।

## ममता हुई शर्मशार, दूधमुही बच्ची को रेलवे स्टेशन पर छोड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** एक मां ने नवजात बालक को मानिकपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन में छोडकर चली गई। इससे मां की ममता शर्मशार हो गई है। ये मामला मानिकपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन में रविवार को अपरान्ह तीन बजे का है। बताया गया कि रेलवे स्टेशन के फ्रेंचाइजी 2/3 के ईस्टर्न चाइल्ड ने नवजात शिशु पाये। आरपीएफ मानिकपुर सीडब्ल्यूसी के सामने पेश किया। नवजात शिशु को जिला अस्पताल के आईसीयू कक्ष में भर्ती कराया गया।

## पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान खान की टीम ने वारंटी नत्थू यादव पुत्र बरुआ उर्फ बाबा व चतुरा यादव पुत्र नत्थू यादव निवासी कबरा पुरवा गोंडा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा इमरान खान, सिपाही अजीजउद्दीन व विवेक सिंह शामिल रहे।

## शोषण के खिलाफ अनशन पर बैठे अनुदेशक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बेसिक शिक्षक विभाग के उच्च प्राथमिक विद्यालय में करीब एक दशक से कार्यरत अनुदेशक धुस मैदान कर्वी में क्रमिक अनशन पर बैठे। परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि क्रमिक अनशन दो अक्टूबर से प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष विक्रम सिंह के निर्देश पर शुरू किया है।

हर रविवार को क्रमिक अनशन हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि दस साल से शोषण हो रहा है, उनसे पूर्णकालिक कार्य लिया जा रहा है। मानदेय अल्प दिया जा रहा है। अन्य कोई सुविधा नहीं दी जा रही। आर्थिक तंगी से कई अनुदेशक आत्महत्या कर चुके हैं। नौकरी छोड़कर अन्य जगह कार्य कर रहे हैं। कुछ अनुदेशक जीवन निर्वाह को शिक्षण कार्य के बाद टैक्सी चलाना, ठेले में सब्जी बेचना, पकोड़ा एवं चाय ठेला लगाने के कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला अनुदेशकों को सीसीएल भी नहीं मिल रही। कुछ अनुदेशकों का शिक्षकों ने शोषण कर रहे हैं। इस मौके पर संतोष कुमार मौर्य, राजीव रंजन सिंह, अनुराग सिंह, धीरेंद्र कुमार, इंद्र कुमार, सुशील कुमार, ममता विश्वकर्मा, गोविन्द सिंह, शिवमूरत, ओमप्रकाश, जगतपाल, हरिश्चंद्र, राकेश, पुरुषोत्तम, परवेज, लक्ष्मी शंकर, मुन्नीलाल आदि मौजूद रहे।

## एसपी के निर्देश पर दस पर मिनी गुण्डा से मची हलचल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले दस लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

रविवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष ने तीरथ प्रसाद पुत्र गोकुल प्रसाद, कल्लू पुत्र तिलकराज, अशोक उर्फ नवहर पुत्र धर्मपाल, शिवम पुत्र कल्लू निवासी गढ़चपा, बऊवा पुत्र राजेन्द्र, लल्लू यादव, अवधेश यादव पुत्र उमाशंकर, अशोक यादव, मुखिया यादव पुत्र रामकृपाल यादव व रामशरण यादव पुत्र गंगा प्रसाद यादव निवासी बेलौंहा पुरवा सरैंया के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अराजकतत्वों में हलचल मची है।

# दो दिवसीय क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

### विधायक को माला पहनाते एबीएसए



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ ब्लाक की 24वीं दो दिवसीय क्षेत्रीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता शिव बाबा परिसर में हुई। पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ अमित द्विवेदी ने मां सरस्वती चित्र पर दीप जलाकर ध्वजारोहण कर शुभारम्भ किया।

रविवार को मऊ ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छत्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी जरूरी है। नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित द्विवेदी ने खेलकूद को बढ़ावा देने को सहयोग देने की बात कही। अतिथियों ने सौ मीटर दौड़ को हरीझंडी दिखाकर प्रतियोगिता शुरू कराई। मऊ ब्लाक के सात संकुलों के छात्र-छात्राओं ने दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, ऊंचीकूद, लम्बी कूद, गोला थ्रो, डिस्कस थ्रो व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं के विजेता-उपविजेता को समापन समारोह में एसडीएम राकेश पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि व बीईओ एनपी सिंह रामनगर क्षेत्र ने बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

प्राथमिक स्तर बालक 100, 200, 400 मीटर दौड़ मे चैंपियन आकाश पाल संकुल खप्टिहा, प्राथमिक बालिका वर्ग मे 100, 200, 400 मीटर दौड़ मे बच्ची देवी संकुल बियावल, जूनियर स्तर बालिका वर्ग की दौड़ मे जांहवी दुबे संकुल बियावल, जूनियर स्तर बालक वर्ग दौड़ मे साहिल संकुल खप्टिहा, कबड्डी प्राथमिक स्तर बालक वर्ग मे संकुल बियावल, कबड्डी प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग मे संकुल पूरब पताई, कबड्डी जूनियर स्तर बालिका वर्ग मे संकुल पूरब पताई, कबड्डी जूनियर स्तर बालक वर्ग मे संकुल बरगढ़, खो-खो प्राथमिक स्तर बालक वर्ग मे संकुल खप्टिहा, खो-खो प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग मे संकुल मऊ आदि प्रतियोगिताओं के विजेता-उपविजेता को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय ने बच्चों को प्रोत्साहित कर अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने क्रीड़ा प्रतियोगिता में योगदान के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापकों, अनुदेशको, शिक्षामित्रों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर सकुशल संपन्न कराया। संचालन श्रीमती साधना शुक्ला ने किया। आयोजक आलोक गर्ग ने संपूर्ण प्रतियोगिता की संक्षिप्त आख्या पेश की। इस मौके पर शंकरदयाल मिश्र, उमेश शुक्ल, छेदीलाल शुक्ल, ज्ञान सिंह, संकल्प पाण्डेय, रामयश सिंह, राम स्वरूप सिंह, अखिलेश सिंह, डॉ अखिलेश मिश्रा, वीरभान सिंह, दिलीप शुक्ल, शारदेंदु शुक्ला, दनुज सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, अजय भारतीय, सतेंद्र सिंह, हनुमान सिंह, अशोक द्विवेदी, कुलदीप द्विवेदी, सुशील विश्वकर्मा, अनीस अहमद, राम गोपाल, अजीत सोनकर आदि शिक्षकों एवं रावेंद्र तिवारी, उमाकांत पाण्डेय, उमापति त्रिपाठी समेत शिक्षामित्रों ने प्रतियोगिता को सफल बनाया।

# परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध है समिति



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 91वें स्वच्छता अभियान चोपड़ा तालाब में चलाया। ईओ लालजी यादव ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका निभाती है। स्वच्छता से स्वच्छ जीवन की कल्पना कर सकते हैं।

रविवार को स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता अभियान से जनमानस में जागरूकता पैदा हो रही है। कुछ लोगों ने अव्यवस्था फैला रखी है। वीरेंद्र शर्मा निवासी मिशन रोड पुराने आरटीओ ऑफिस को कई बार समझाने के बाद भी परिक्रमा में खाने का सामान न डालने को कहा है। वह नहीं मानते हैं। प्रशासन से मांग उठाई कि इन पर कार्रवाई की जाए। केला के ठेले वाले पूरे परिक्रमा मार्ग में अव्यवस्था फैलाते हैं। जिला प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए। स्वच्छता को लेकर कामदगिरि स्वच्छता समिति गंभीर है। परिक्रमा को स्वच्छ व साफ रखने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि कामदगिरि स्वच्छता समिति के निरंतर अभियान से अच्छा संदेश जा रहा है। अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, शुभम केशरवानी, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, रंजीत कुमार व नगर पालिका की टीम शामिल रही।

# अनेकता में एकता दशार्ता है गरबा नृत्य: ऊषा जैन





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड में शारदीय नवरात्र में सदगुरु नवरात्री उत्सव चल रहा है। प्रतिदिन मां भगवती की आरती-भजन समेत गुजरात के प्रसिद्ध गरबा नृत्य चल रहा है। प्रतिपदा से लेकर प्रतिदिन ट्रस्ट के विभिन्न प्रकल्पों की टीमें मनमोहक प्रस्तुतियां दे रही हैं। भाग लेने वाली टीमें पारंपरिक गुजराती पोशाक में कलात्मक प्रस्तुति देते है।

रविवार को सदगुरु शिक्षा समिति अध्यक्ष उषा जैन ने बताया कि गरबा नृत्य गुजरात व महाराष्ट्र में होता है। ग्रामीण आंचल में सदगुरू परिवार कुछ न कुछ करता रहता है, ताकि भाई चारा, स्नेह प्रेम बना रहे है। गरबा नृत्य में कोई भेदभाव नही किया जाता। ऊंच-नीच, जाति-धर्म का भेदभाव नही होता। सभी जाति-धर्म के लोग इसमें भाग लेते है। ऊषा जैन ने कहा कि ग्रामीण अंचल में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अनेकता में एकता की झलक देखने को मिलती है।

## महिलाओं को शक्ति-4-शक्ति दीदी ने किया जागरूक , शोहदों-मनचलों पर होती कार्यवाही



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी अभियान मिशन शक्ति-4 व शक्ति दीदी के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा व एंटी रोमियों टीम ने ग्राम सचिवालय गनीवा, प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी, एंटी रोमियों टीम ने बरियारी कला में महिला चैपाल लगाई। रविवार को चैपाल में महिलाओं-छात्राओं को सुरक्षा बाबत सेवायें यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, चाइल्ड हेल्प लाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108, एम्बुलेन्स सेवा 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को बताया कि थानों में महिलाओं की सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की शिकायत सुनकर समय से निस्तारण करती है। विद्यालय की छात्राओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों के पंपलेट बांटे। छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने व छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के प्रति प्रेरित किया। अपने क्षेत्र में कार्य कर शिक्षा ग्रहण को प्रेरित किया। सोशल मीडिया में प्राइवेसी का प्रयोग करने को कहा। छात्राओं को जिले में गठित एंटी रोमियो टीम के बारे में बताया। सादे वस्त्रों में प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज, कोचिंग के आसपास जहां महिलाओं-बालिकाओं का आवागमन होता है। शोहदो/मनचलो को चिन्हित कर कार्यवाही की जाती है।

## तीर्थक्षेत्र के सुन्दरीकरण को विधायक ने दिये 31.55 लाख , पूर्व में सीसीटीवी कैमरों को दिये थे 25 लाख



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने तीर्थ स्थलों के सुन्दरीकरण व विकास को मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत पंचमुखी मडफा महादेव मन्दिर में शेड, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था को 31.55 लाख की धनराशि देने की संस्तुति की है।

रविवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने चित्रकूट स्थित मडफा महादेव मन्दिर में श्रद्धालुओं की आवश्यकता के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था एवं शेड बनाने का कार्य पर्यटन विभाग से मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना से किया जा रहा है। उन्होंने मडफा महादेव मन्दिर पर विद्युत व्यवस्था को 12.58 लाख व शेड निर्माण को 13.97 लाख तथा प्रकाश व्यवस्था को पांच लाख कुल 31.55 लाख रुपये उनकी विधान मंडल निधि के वित्तीय वर्ष 2023-24 से पर्यटन विभाग को अवमुक्त करने को कहा है।

ज्ञात है कि सांसद आरके सिंह पटेल जनहित के कार्यों व तीर्थक्षेत्र विकास को धनराशि नहीं देते, जबकि सदर विधायक अनिल प्रधान ने इसके पहले शहर में सीसीटीवी कैमरों के लिए 25 लाख रुपये विधायक निधि से दिया है। सपा नेता कैलाश बौद्ध ने कहा कि जनहित के काम विधायक कर रहे हैं। बिना कमीशन के विधायक अनिल प्रधान पूरे प्रदेश में जैसा काम कर रहे हैं, कोई नहीं कर रहा। एक लाख की निधि देने पर विधायक ज्यादातर पहले कमीशन की बात करते हैं। अनिल प्रधान सब कुछ जनता के लिए कर रहे हैं।

## 26 तक गौवंशों का खर्च न मिलने पर बन्द होंगी गौशाला, प्रधान संघ का निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील क्षेत्र की गौशालाओं की बाबत प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष प्रभात कुमार पांडे ने कहा कि गौवंशों के भरण-पोषण को शासन से धनराशि देने की मांग दस माह से कर रहे हैं। तीसरी बार जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को ज्ञापन दे चुके हैं। प्रधान संघ अध्यक्ष ने कहा कि गौवंशों के भरण-पोषण को जनवरी से पहले एक माह का खर्चा गांवों में मिला था, दस माह से मऊ ब्लाक के प्रधानों को गौवंशों के भरण-पोषण खर्च नहीं मिला।

रविवार को प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात कुमार पांडे ने कहा कि गौशाला संचालन में भारी परेशानी हो रही है। बरसात, ठंडी, गर्मी में पशुओं का भरण-पोषण व सुरक्षा प्रधानों के जिम्मे है। पहले भी प्रधानों ने गौशाला खर्च मांगते आ रहे हैं। शासन-प्रशासन के हीला-हवाली व उदासीनता से मऊ प्रधान ने कहा कि सभी प्रधानों ने बाध्य होकर निर्णय लिया है कि 26 अक्टूबर तक गौशाला संचालन को खर्च नहीं मिला तो प्रधान गौशाला संचालन में असमर्थ हो जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

मऊ ब्लाक के प्रधानों ने कहा कि त्यौहार के मौके पर गौवंशों की सेवा में लगे सेवादार को भी पैसे की जरूरत पडती है। वे बेचारे सेवादार दिनभर पशुओं की सेवा- सुरक्षा में लगे रहते हैं। प्रधानों से पैसे के लिए लड़ भी जाते हैं। प्रधानों ने अभी तक अपने पास से उन्हें खर्च देते आ रहे हैं। जनवरी के पहले फरवरी, मार्च, अप्रैल के गौवंश भरण-पोषण का खर्च नहीं आया। सात-आठ माह के गौवंशों के भरण-पोषण, संरक्षण का खर्च जरूरी है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को करेगा जीवंत: रुद्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय किसान सभा के जिला संयोजक का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि 1.4 अरब लोगों को देश के किसान खाना खिलाते हैं। वे 68.6 फीसदी आबादी को जीविका व काम देते हैं। कृषि बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश, लाभदायक खेती को बढ़ावा, गांव के गरीबों के जीवन का विकास व किसान-मजदूर सहकारी समितियों के सामूहिक स्वामित्व व नियंत्रण के तहत आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण, विपणन और उपभोक्ता नेटवर्क की सुविधा-सुरक्षा लाने को अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लाकर भारत के साथ यहां के लोगों को भी समृद्ध बनाएगा।

रविवार को राज्य सम्मेलन से लौटे भारतीय किसान सभा के जिला संयोजक का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि मोदी सरकार तीन काले कानूनों को वापस लेने के बाद अब फिर से किसान आंदोलन पर विदेशी वित्त पोषित व आतंकवादी ताकतों के प्रायोजित होने का झूठा आरोप लगाने का प्रयास कर रही है। ये सब तब है, जब आरएसएस व भाजपा कृषि में एफडीआई, विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों, बड़े निगमों को बढ़ावा दे रहे हैं। वे भारतीय किसानों की निंदा करने व उन्हें बर्बाद करने को गहराई से प्रतिबद्ध हैं। संयुक्त किसान मोर्चा मजबूत भारत के निर्माण को किसानों की अर्थव्यवस्था को बचाने, विदेशी लूट रोकने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को फिर से जीवंत करने को प्रतिबद्ध है।

## बगावती तीरों से छलनी होंगे प्रत्याशी? भाजपा जिला कार्य समिति गठन का इंतजार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए लवकुश चतुर्वेदी को तकरीबन एक माह हो रहे हैं। उन्होंने अभी जिला कार्य समिति का गठन नहीं किया। गठन न करने के पीछे की तमाम अहम वजह हैं। अगले वर्ष फरवरी में लोकसभा चुनाव सम्भावित है। ऐसे में जिला कार्य समिति गठित करने में प्रत्याशी भितरघातियों के तीरों से छलनी होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है।

भितरघातियों के तीरों से प्रत्याशी के छलनी होने की बात का खुलासा भाजपाइयों ने ही किया है। बताया गया कि जिले में भाजपा के दो प्रबल गुट हैं। एक-दूसरे गुट में अहम को लेकर टकराव लाजिमी है। जिला कार्य समिति गठित होने में भाजपाइयों का ही मानना है कि निश्चित तौर पर बगावत होगी, शायद इसीलिए भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी कार्य समिति गठित करने में जल्दबाजी नहीं कर रहे। पिछली कार्य समिति में तीन पदाधिकारी ब्राम्हण रहे हैं। नई कार्यकारिणी में ब्राम्हण पदाधिकारियों के पर कतरना तय है।

भाजपा के नगर पालिका, जिला सहकारी बैंक, जिला पंचायत के चुनाव में भी जमकर भाजपा में बिखराव देखने को मिला है। ये अलग बात है कि भाजपा ने सीटें जीत ली है, लेकिन जीत का अन्तर वह नहीं रहा, जो डबल इंजन की सरकार में होना चाहिए। छुटभैयों ने भी इन चुनावों में जमकर नाराजगी जताते हुए बगावत की थी। बगावत के ही चलते गुमनाम चेहरा निशी सोनी ने पांच हजार मत लेकर सिद्ध कर दिया कि उसमें दम है। भाजपा जिला कार्य समिति में इच्छित पद न मिलने पर बगावती सुर निकलने तय हैं। इन तीरों से लोकसभा प्रत्याशी खुद को छलनी होने से कैसे बचायेंगे, ये तो भविष्य में गर्भ में है। फिलहाल जिला कार्य समिति गठित होने का सभी को इंतजार है।

## बढ़ते तनाव के बीच बड़ा फैसला, पश्चिम एशिया में अतिरिक्त एयर डिफेंस सिस्टम तैनात करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पश्चिम एशिया में अपने अतिरिक्त एयर डिफेंस सिस्टम भेजने का फैसला किया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यह जानकारी दी है। लॉयड ऑस्टिन ने बताया कि ईरान के साथ बढ़ते तनाव के चलते अमेरिका पश्चिम एशिया में टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम और पैट्रियट बटालियन भेजेगा ताकि पश्चिम एशिया में अपनी ताकत को बढ़ाया जा सके।

ऑस्टिन ने कहा कि इस कदम से क्षेत्र में बढ़ते तनाव से और हिंसा में इस्राइल की मदद की जा सकेगी। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि 'राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ ईरान की क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियों और उसके छद्म युद्ध लड़ने की कोशिशों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद मैंने क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त हथियार तैनात करने का आदेश दिया है।उन्होंने कहा कि ईरान समर्थित संगठनों द्वारा मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) में तनाव बढ़ाने की कोशिशों को लेकर अमेरिका अलर्ट है। बता दें कि इससे पहले अमेरिका ने भूमध्य सागर में अपने जंगी जहाज भी तैनात कर दिए हैं। अमेरिका द्वारा जिन पैट्रियट बटालियन को पश्चिम एशिया में तैनात किया जा रहा है, वो उसका अत्याधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम माना जाता है। वहीं थाड सिस्टम भी कम और मध्यम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ काफी प्रभावशाली है। इराक और सीरिया में अमेरिकी सेना तैनात है और बीती 7 अक्तूबर से जब से हमास और इस्राइल के बीच लड़ाई छिड़ी है, तब से ही इराक और सीरिया में तैनात अमेरिकी सेना पर ड्रोन हमले किए जा रहे हैं। अमेरिका अब अतिरिक्त नंबरों में सैनिकों को भी पश्चिम एशिया में तैनात करने की तैयारी कर रहा है।

## पाकिस्तान ने 3 हजार से अधिक अफगान शरणार्थियों को देश से बाहर निकाला

**काबुल।** पाकिस्तान ने एक ही दिन में 3,248 अफगान शरणार्थियों को अफगानिस्तान लौटा दिया। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, अब तक बिना दस्तावेज वाले 51,000 से अधिक अफगानों को निर्वासित किया गया है।

बलूचिस्तान प्रांत के सूचना मंत्री जॉन अचकजई ने कहा, अवैध आप्रवासन की समस्या ने निपटने के लिए पाकिस्तान कड़े प्रयास कर रहा है। अवैध शरणार्थियों को बाहर निकालने के लिए पाकिस्तान के अभियान की समय सीमा एक नवंबर है।

इधर, देश के इस फैसले की आलोचना भी की गई है। एमनेस्टी और यूएन समेत कई वैश्विक संगठनों ने निंदा की है और सरकार से इसपर पुनर्विचार करने को कहा है। वहीं काबुल में तालिबान सरकार ने भी इस कदम पर आपत्ति जताई है। इस फैसले के बाद पाकिस्तान में रह रहे शरणार्थियों के बीच डर का माहौल देखा जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर अफगानी आबादी वाले दो इलाकों में कई युवा और मध्यम आयु वर्ग के शरणार्थियों के पास पुलिस के साथ झड़पों और गिरफ्तारियों के बारे में बताने के लिए दर्दनाक कहानियां सामने आ रही हैं। अफगान बस्ती में समुदाय के प्रमुख हाजी अब्दुल्ला ने समाचार एजेंसी को बताया कि यहां तक कि जिनके पास कानूनी शरणार्थी दर्जा/कार्ड हैं, उन्हें भी पुलिस नहीं बख्श रही है, और पूरे कराची में हमारे लोगों को शातिर तरीके से निशाना बना रहे हैं। बता दें कि पाकिस्तान सरकार ने देश में हो रहे आत्मघाती हमलों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। अवैध अप्रवासियों के लिए देश छोड़ने को लेकर आदेश जारी किया है। इसके लिए समय सीमा एक नवंबर निर्धारित की है। गृह मंत्री सरफराज बुगती के मुताबिक यह आतंकवाद और तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई के तहत यह कदम उठाया गया है।

## चीनी जहाजों ने विवादित जल क्षेत्र में फिलीपीन के तटरक्षक जहाज और नाव को मारी टक्कर, मनीला

**मनीला।** फिलीपीन के अधिकारियों ने कहा कि एक चीनी तट रक्षक बल के एक जहाज और उसके एक 'मिलिशिया' पोत ने रविवार को दक्षिण चीन सागर में एक विवादित तट पर उनके तट रक्षक जहाज और सेना की ओर से संचालित एक आपूर्ति नाव को दो अलग-अलग घटनाओं में टक्कर मार दी। फिलीपीन ने चीन के इस कृत्य को 'खतरनाक, गैर-जिम्मेदाराना और अवैध' बताया है। अधिकारियों ने सेकंड थॉमस तट पर हुई इन घटनाओं में हताहत हुए लोगों और नुकसान की जानकारी नहीं दी। फिलीपीन के लंबे समय से संधि सहयोगी अमेरिका ने इन घटनाओं की निंदा की है। वहीं, फिलीपीन सरकार ने भी निंदा करते हुए इसे मनीला की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। चीनी दूतावास ने फिलीपीन की रिपोर्ट पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की है।मनीला में अमेरिकी राजदूत मैरीके कार्लसन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''चीन के अयंगिन तट पर किए गए कृत्य की अमेरिका निंदा करता है जिससे फिलीपीन के सेवा सदस्यों का जीवन खतरे में पड़ गया है।'

## नेपाल में भूकंप से 20 घर पूरी तरह ध्वस्त, 75 घरों को आंशिक नुकसान

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार सुबह से लगातार आ रहे भूकंप के झटकों से 20 घर पूरी तरह से टूट गए हैं, जबकि 75 से अधिक घरों को आंशिक नुकसान पहुंचने की जानकारी मिली है।

भूकंप के केंद्र बिंदु रहे धादिंग जिला प्रशासन के हवाले से गृह मंत्रालय ने बताया कि सुबह से चार बार आए भूकंप के झटकों से जिले के ज्वालामुखी गांवपालिका में 20 कच्चे घर पूरी तरह से टूट गए हैं।



वार्ड नंबर 5 के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद कार्की ने बताया कि उनके वार्ड में 75 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। धादिंग पुलिस के प्रवक्ता सन्तुलाल जयसवाल ने बताया कि भूकंप से नुकसान का पूर्ण विवरण अभी भी नहीं मिल पाया है। दूरदराज और दुर्गम क्षेत्र से नुकसान का विवरण संकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भूकम्प के कारण कच्चे घरों को ही नुकसान हुआ है।

## इजराइल में मारे गए नेपाली छात्रों के शव काठमांडू लाये गए, विदेश मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**काठमांडू।** हमास के हमले में मारे गए नेपाली छात्रों के शव बीती देर को काठमांडू लाये गए। आज सुबह विदेश मंत्री एनपी साउद ने विमानस्थल पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

हमास आतंकियों के इजराइल पर पहले दिन किए गए हमले में 10 नेपाली छात्रों की मौत हो गई थी। मारे गए नेपाली छात्रों के शव नेपाल आने का क्रम जारी है। विमानस्थल पर नेपाली छात्रों को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे विदेश मंत्री एनपी साउद ने इजराइल सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हमास के कब्जे में रह रहे नेपाली नागरिकों की सकुशल रिहाई की अपील की है।

मृतक नेपाली छात्रों के परिजनों को सांत्वना देने के लिए विमानस्थल पर नेपाल में



इजराइल के राजदूत हनान गोडर ने नेपाली नागरिकों की रिहाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि हमास के नियंत्रण में रह रहे नेपाली सहित अन्य देशों के नागरिकों की रिहाई का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इजराइली राजदूत ने बाकी नेपाली छात्रों के शवों को भी जल्द ही काठमांडू लाने की जानकारी दी।

नेपाल के तृषि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत करीब ढाई सौ छात्र इजराइल सरकार के लर्न एंड अर्न कार्यक्रम के तहत इजरायल गए थे, तभी हमास के आक्रमण की चपेट में आ गए थे।

## संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में मानवीय सहायता पहुंचने का स्वागत किया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र ने मिस्र से राफा सीमा पार कर गाजा में मानवीय सहायता पहुंचने का स्वागत किया है। साथ ही तत्काल युद्धविराम के लिए की गई अपनी अपील को भी दोहराया है। उल्लेखनीय है कि इजिप्शियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी का 20 ट्रकों का काफिला मानवीय आपूर्ति के साथ गाजा पहुंच चुका है। यह पहली खेप है जो सात अक्टूबर को इजराइल पर फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध के बाद गाजा पहुंची है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को राफा सीमा खोलने के लिए मिस्र के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गाजा को इससे बहुत अधिक चाहिए। वहां बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति जरूरी है। गुटेरेस ने कहा



कि हम गाजा में शांति के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और इजिप्शियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी से पहली लेकिन सीमित जीवनरक्षक मानवीय आपूर्ति की खेप राफा सीमा को पार कर गाजा पहुंची है। यह खेप पानी, भोजन, दवा, ईंधन और अन्य आवश्यक चीजों के अभाव का सामना कर रहे हजारों लोगों को कुछ राहत पहुंचाएगी । इन एजेंसियों ने कहा है कि यह बहुत छोटी शुरुआत है और लक्ष्य बहुत बड़ा है। गाजा में 16 लाख लोगों से अधिक को आवश्यक मानवीय सहायता की जरूरत है। गाजा में आधी से अधिक आबादी बच्चों की है।

## नवाज शरीफ का बड़ा दावा, बिल क्लिंटन ने परमाणु परीक्षण नहीं करने पर पांच अरब डॉलर देने का दिया था ऑफर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान लौटने के कुछ घंटे बाद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने 1998 में परमाणु परीक्षण कर भारत के परमाणु विस्फोट का 'करारा जवाब' दिया था वह भी तब जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने उन्हें ऐसा नहीं करने के लिए पांच अरब डॉलर देने की पेशकश की थी। नवाज शरीफ (73) ब्रिटेन में चार साल के स्व-निर्वासिन को समाप्त कर दुबई से एक विशेष विमान से स्वदेश लौटे हैं ताकि वह अपनी पार्टी का नेतृत्व कर सकें और जनवरी में संभावित आम चुनावों में रिकॉर्ड चौथी बार जीत हासिल करने की कोशिश कर सकें। हल्के नीले रंग का कुर्ता पायजामा, मरून मफलर और काला कोट पहने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो ने स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब डेढ़ बजे 'उम्मीद-ए-पाकिस्तान' चार्टर्ड विमान से दुबई से इस्लामाबाद के लिए उड़ान भरी। वह एक विशाल रैली को संबोधित करने के लिए लाहौर पहुंचे, जिसे उनकी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी का गढ़ माना जाता है। शरीफ ने उत्साहित भीड़ से कहा कहा, 'मैं आज आपसे कई सालों के बाद मिल रहा हूं, लेकिन आपके साथ प्यार का मेरा रिश्ता वही है। इस रिश्ते में कोई अंतर नहीं है।' उन्होंने कहा, ÷जो प्यार मैं आपकी आंखों में देख रहा हूं, मुझे उस पर गर्व है।' शरीफ ने 1998 में विदेशी सरकारों के भारी दबाव को याद किया जब पाकिस्तान भारत के परमाणु परीक्षण का जवाब देना चाहता था।

## काहिरा शिखर सम्मेलन में गाजा पर नहीं बन पाई बात, शांति के प्रयास विफल

**काहिरा।** इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध को खत्म कराने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में अरब और यूरोपीय देशों के प्रतिनिधियों की बैठक बेनतीजा रही। हमास के हमले के बाद गाजा में हो रही बमबारी के बीच जल्दबाजी में बुलाए गए काहिरा शिखर सम्मेलन में मिस्र और जॉर्डन ने इजराइल की तीखी आलोचना की।

यूरोपीय देशों ने कहा कि नागरिकों को हर हाल में बचाया जाना चाहिए। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। काहिरा शिखर सम्मेलन में जॉर्डन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, चीन, ब्रिटेन, अमेरिका, कतर और दक्षिणी अफ्रीका, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। गाजा के मुद्दे पर




प्रतिनिधियों में आमराय न बन पाने से शांति वार्ता विफल हो गई।

मेजबान मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने गाजा से 23 लाख फिलिस्तीनियों को सिनाई प्रायद्वीप में भेजे जाने को लेकर किसी भी तरह की वार्ता को खारिज कर दिया। जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने इजराइल की तरफ से गाजा की घेराबंदी और बमबारी को युद्ध अपराध बताया। अरब देशों के प्रतिनिधियों ने गाजा के हालात के लिए इजराइल के प्रति नाराजगी व्यक्त की ।

## '..इस लड़ाई का कोई नायक नहीं केवल पीड़ित हैं', सऊदी प्रिंस ने भारत के बारे में कही ये बात

**संयूक्ट राष्ट्र।** गाजा में चल रहे युद्ध पर कड़ी टिप्पणी करते हुए, सऊदी अरब के एक राजकुमार, जो देश के पूर्व खुफिया प्रमुख थे ने हमास और इजरायल दोनों की निंदा की है। साऊदी प्रिंस ने कहा है कि इस संघर्ष में कोई नायक नहीं है, केवल पीड़ित हैं। तुर्की अल फैसल ने एक अमेरिकी विश्वविद्यालय में अपने भाषण में भारत का भी करते हुए सविनय अवज्ञा के माध्यम से कब्जे का विरोध करने के स्वतंत्रता आंदोलन का उदाहरण दिया।

78 वर्षीय फैसल का एक वायरल वीडियो यह कहने के साथ शुरू होता है कि सभी कब्जे वाले लोगों को अपने कब्जे का विरोध करने का अधिकार है, यहां तक कि सैन्य रूप से भी। उन्होंने कहा, 'मैं फलस्तीन में सैन्य विकल्प का समर्थन नहीं करता। मैं दूसरा विकल्प पसंद करता हूं वह है सविनय विद्रोह और अवज्ञा। इसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य और पूर्वी यूरोप में सोवियत साम्राज्य को गिरा दिया। उन्होंने कहा कि इस्राइल की सैन्य श्रेष्ठता है और दुनिया गाजा में उसके द्वारा मचाई जा रही तबाही को देख सकती है। सात अक्टूबर के हमलों के लिए हमास पर निशाना साधते हुए फैसल ने कहा, 'मैं हमास की ओर से जैसा कि उस पर आरोप लगाया जा रहा है किसी भी उम्र या लिंग के नागरिकों को निशाना बनाए जाने की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं। इस तरह का निशाना हमास के इस्लामी पहचान के दावों को झुठलाता है।निर्दोष बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की हत्या व पूजा स्थलों की बेअदबी की इस्लाम में है मनाही उन्होंने कहा कि निर्दोष बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की हत्या और पूजा स्थलों की बेअदबी की इस्लाम में मनाही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार, इस्राइल के शहरों पर हमास के आश्चर्यजनक हमलों और क्रूर जवाबी कार्रवाई ने अब तक 5,800 से अधिक लोगों की जान ले ली है। सऊदी प्रिंस ने हमास की आलोचना करते हुए कहा कि उसने 'इजरायली सरकार को हमलों के लिए एक उच्च नैतिक आधार उपहार में दिया है' उन्होंने कहा, 'मैं हमास की निंदा करता हूं कि उसने इस भयानक सरकार को गाजा को उसके नागरिकों से जातीय रूप से साफ करने का बहाना दिया और उन पर बमबारी की। सऊदी प्रिंस ने फलस्तीन मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान तक पहुंचने के सऊदी अरब के प्रयास को विफल करने के लिए हमास की भी निंदा की।

## नवाज शरीफ ने मरियम को राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया !

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने प्रतिशोध की राजनीति नहीं करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ एक विकसित और समृद्ध पाकिस्तान देखना चाहते हैं। 73 वर्षीय नवाज ने ब्रिटेन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद स्वदेश लौटने के कुछ घंटे बाद शाम को मीनार-ए-



समय था। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के संबोधन के केंद्र में मरियम ही रहीं। हालांकि उन्होंने अपने भाई शहबाज शरीफ की भी तारीफ की। उन्होंने कहा मरियम पाकिस्तान की बहादुर बेटी है।

पीएमएल-एन प्रमुख शरीफ ने कहा कि उन्होंने अपनी मां और पत्नी को राजनीति के कारण खो दिया। वह यह बताते हुए भावुक हो गए कि कारावास के दौरान उन्होंने दोनों की मौत की आघात पहुंचाने वाली खबर का कैसे सामना किया। इस मौके पर मरियम नवाज ने कहा- %मैंने सोचा था कि मीनार-ए-पाकिस्तान बहुत विशाल आयोजन स्थल है। मैंने यह कभी नहीं सोचा था कि यह पीएमएल-एन समर्थकों के लिए छोटा हो जाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## इस्राइल के गाजा पर हमले से भारत में पढ़ रहे फलस्तीनी छात्र परेशान, बोले- खाने के पैसे भी नहीं बचे

**गाजा।** इस्राइल के हमले के बाद से गाजा पट्टी से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, उनमें धराशायी इमारतें, चारों तरफ बिखरा मलबा और रोते-बिलखते लोग दिख रहे हैं। इन तस्वीरों से पूरी दुनिया दुखी है लेकिन भारत में रह रहे कुछ युवा इन तस्वीरों को देखकर बेहद परेशान हैं और उन्हें बार-बार पैनिक अटैक आ रहे हैं। दरअसल ये हैं भारत में पढ़ रहे फलस्तीनी छात्र। ये फलस्तीनी छात्र लगातार गाजा पट्टी में रह रहे अपने प्रियजनों के लिए परेशान और फिक्रमंद हैं। ये छात्र अपनी पढ़ाई पर भी फोकस नहीं कर पा रहे हैं।

भारत में पढ़ाई कर रहे एक फलस्तीनी छात्र ने बताया कि मौजूदा संकट के चलते उसका अपने प्रियजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। हालात ये हैं कि उसके पास पैसों की कमी हो गई है और इसके चलते उसे अपने खाने की मात्रा और गुणवत्ता में कमी करनी पड़ रही है। अब वह तीन के बजाय दिन में सिर्फ दो बार खाना खा रहा है। छात्र ने बताया कि वह ना कुछ लिख पा रहा है और ना पढ़ पा रहा है। उसे बस अपने परिजनों की चिंता सता रही है। वह ठीक से सो भी नहीं पा रहा है। छात्र ने बताया कि वह अपने परिजनों से संपर्क भी नहीं कर पा रहा है और उसे ये भी नहीं पता है कि उसके परिजन जीवित भी हैं या नहीं! फलस्तीनी छात्र ने बताया कि वह घर वापस लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है और दुआ कर रहा है कि यह लड़ाई जल्द खत्म हो जाए। बता दें कि बीती 7 अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल की सीमा में घुसकर निर्दोष लोगों की बर्बरता से हत्याएं की। हमास के हमले में 1400 लोगों की मौत हुई। इसके जवाब में इस्राइल द्वारा लगातार गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में बमबारी की जा रही है। इस्राइल के हमले में अभी तक गाजा पट्टी में 4469 लोगों की मौत हो चुकी है और हजार से ज्यादा लोग घायल हैं।

## जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में साहित्य अकादमी ने की विचार गोष्ठी

**फ्रैंकफर्ट।** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े पुस्तक मेले में साहित्य अकादमी ने भारत का विचार शीर्षक से विचार गोष्ठी का आयोजन किया। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने अपने वक्तव्य में कहा कि इतिहास में अलग-अलग लोगों के भारत के बारे में अलग-अलग विचार थे। प्रकाशन और अनुवाद में व्यापक तेज़ी आने के बाद भारत की वास्तविक छवि दुनिया के सामने आई है। अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि भारत के बाहर के लोगों ने विभिन्न देशों के इतिहास की पुस्तकों, यात्रा वृतांतों,




दार्शनिक साहित्य आदि के माध्यम से भारत के बारे में जानकारी प्राप्त की जो असलियत से दूर थी।

विचार गोष्ठी में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक के साथ-साथ राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष मिलिंद सुधाकर मराठे, अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा तथा अकादमी के सामान्य परिषद के सदस्य नरेंद्र बी. पाठक ने भाग लिया। अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने कहा कि भारत के बारे में विचार विभिन्न तरीकों से साहित्यिक रचनाओं में परिलक्षित हुए हैं, जो ज्यादा विश्वसनीय हैं। उन्होंने कहा कि न केवल विदेशी बल्कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के लोगों के भी सदियों से भारत के बारे में अलग-अलग विचार थे।

एक दिन पहले यानी शुक्रवार को साहित्य अकादमी ने भारतीय साहित्य की विरासत शीर्षक से विचार गोष्ठी का आयोजन किया था। इस दौरान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष कौशिक ने भारतीय साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभी हमारे धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों को छोड़कर अधिकांश भारतीय साहित्य का दुनिया की अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं हुआ है जो की बेहद ज़रूरी है। यह हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष मिलिंद मराठे ने भारतीय साहित्य की प्राचीनता, उसकी समृद्धता और उसकी विविधता की चर्चा करते हुए उसे समावेशी साहित्य का अन्यतम उदाहरण बताया। अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने कहा कि भारतीय साहित्य की उत्कृष्टता से दुनिया को परिचित कराने के लिए ही हम इस पुस्तक मेले में शामिल हुए हैं।

डॉ. श्रीनिवासराव ने कहा कि भारतीय साहित्य केवल भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी पृथ्वी की भलाई की कामना करता है। इस दौरान डॉ. श्रीनिवासराव ने बताया कि अभी तक न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका कनाडा, चीन और बांग्लादेश के प्रतिनिधियों ने साहित्य अकादमी की पुस्तकों के अनुवाद में रुचि दिखाई है। कुछ पोलिश और इजरायली भाषा के प्रकाशकों ने भी संपर्क किया है। उल्लेखनीय है कि 18 से 22 अक्टूबर तक चलने वाले दुनिया के इस सबसे बड़े पुस्तक मेले में 100 से अधिक देशों के हजारों प्रकाशक, एजेंट, लाइब्रेरियन और लेखक आदि इकट्ठा हुए हैं। यह पुस्तक मेला पूरी दुनिया के पुस्तक प्रकाशकों के लिए विभिन्न देशों और भाषाओं की पुस्तकों के अधिकार और लाइसेंसों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री के लिए सुविधाजनक मंच उपलब्ध कराता है। फ्रैंकफर्ट में यह पुस्तक मेला प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।